वर्ष : 27 | अंक : 40 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 30 जनवरी, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8



आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

# 28 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान

## महाकुंभ में तैनात दरोगा की मौत

**महाकुंभनगर ( एजेंसी )।** प्रयागराज महाकुंभ में तैनात उप निरीक्षक (दारोगा) अंजनी कुमार राय की मौत हो गई है। वह बहराइच जिले में पोस्टेड में थे। महाकुंभ के लिए उनकी ड्यूटी मेला क्षेत्र में लगाई गई थी। बुधवार को उनकी ड्यूटी के दौरान ही तबीयत बिगड़ गई, उन्हें आनन-फानन अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।



इस मामले में बहराइच जिले के एडिशनल एसपी (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि महाकुंभ में तबीयत खराब होने से उप निरीक्षक अंजनी कुमार राय की मौत हुई है। उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। वे लोग मौके पर पहुंच गए हैं। बॉडी का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करवाया गया है। हम लोग स्थानीय पुलिस के संपर्क में हैं, परिजनों को जो भी मदद चाहिए होगी वो मुहैया कराई जाएगी।

## सख्त नियम : VVIP पास रद्द, नो व्हीकल जोन घोषित

**महाकुंभनगर ( एजेंसी )।** प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है. मौनी अमावस्या पर मची भगदड़ के बाद भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं है. लोगों का हुजूम संगम तट की ओर बढ़ता चला आ रहा है। भगदड़ में 30 लोगों की मौत के बाद शासन ने कुछ सख्त नियम लागू कर दिए हैं। संगम के आसपास तीन किलोमीटर तक श्रद्धालुओं के रूकने पर पाबंदी लगाई गई है। वहीं सभी तरह के वीवीआईपी पास रदद करे दिए गए हैं। 4 फरवरी तक मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है और स्कॉट वाहनों पर भी रोक लगाई गई है। साथ ही श्रद्धुलओं को एक ही रास्ते से जाने और आने की व्यवस्था की गई है। इस बीच मेला प्रशासन ने जानकारी दी है कि 30 जनवरी सुबह 10 बजे तक साढ़े 28 करोड़ लोग गंगा स्नान कर चुके हैं। इसके अलावा महाकुंभ में 10 लाख से अधिक श्रद्धालु कल्पवास कर रहे हैं।

मेला प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक आज 10 बजे तक करीब 93 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया है। जबकि, कल मौनी अमावस्या पर रात 8 बजे तक 7.64 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। यह कुंभ मेले के इतिहास में किसी भी एक दिन श्रद्धालुओं के स्नान की सबसे बड़ी संख्या बताई जा रही है। इससे पहले मकर संक्रांति को 3.5 करोड़ और मौनी अमावस्या के एक दिन पहले 28 जनवरी को करीब 5 करोड़



लोगों ने संगम स्नान किया था।

आपको बता दें कि बुधवार तड़के मौनी अमावस्या के स्नान से पहले महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना के बाद अब स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में हैं। साथ ही प्रशासन ने पहले से ज्यादा सख्ती बढ़ा दी है। अब पूरा मेला क्षेत्र नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। वीवीआईपी पास रद्द कर दिए गए हैं। कुंभ मेला के रास्ते वन-वे किए गए हैं। प्रयागराज से सटे जिलों से आने वाले वाहनों को जिले की सीमा पर रोका जा रहा है। आगामी चार फरवरी तक सख्त प्रतिबंध जारी रहेंगे। वहीं वाहनों के प्रवेश पर रोक के बाद प्रयागराज की सीमा पर भारी जाम लग गया है और सैकड़ों वाहन जाम में फंसे हुए हैं।

## भगदड़ पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका



**महाकुंभनगर ( एजेंसी )।** प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर हुए हादसे के बाद सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की गई है। अर्जी में याचिकाकर्ता ने मांग की है कि वह उत्तर प्रदेश सरकार से मामले में स्टेटस रिपोर्ट मांगे और जिम्मेदार अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दे। दरअसल, महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर दूसरे अमृत स्नान से ठीक पहले हादसा हुआ था। इसमें 30 लोगों की दुखद मौत हो गई थी। जनहित याचिका में उत्तर प्रदेश सरकार को 29 जनवरी को महाकुंभ के दौरान हुई घटना पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और लापरवाही बरतने वाले व्यक्तियों, अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।



## महाकुंभ हादसे की न्यायिक जांच शुरू

महाकुंभ में भगदड़ की जांच के लिए गठित आयोग ने अपना काम शुरूकर दिया है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ हादसे की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया है जिसमें सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार अध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा पूर्व आईएएस वीके गुप्ता और डीके सिंह इसके सदस्य हैं। इस आयोग का मुख्यालय लखनऊ में होगा।

## पूनम पांडेय ने लगाई डुबकी

महाकुंभ-2025 में मौनी अमावस्या पर 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया । इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ में अभिनेत्री पूनम पांडेय भी शामिल थी। उन्होंने भी संगम में स्नान किया। पूनम पांडेय ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ फोटो शेयर करते हुए लिखा है-मेरे सब पाप धुल गए।



## टीएम के पूर्व मूल आवंटी के मोबाइल पर आएगा एसएमएस

### फर्जीवाड़ा रोकने को नोएडा प्राधिकरण तैयार कर रहा है सॉफ्टवेयर

नोएडा एक उत्कृष्ट क्षेत्र

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा प्राधिकरण में मृतक लोगों की करोड़ों मूल्य की जमीन फर्जीवाड़ा द्वारा हस्तांतरित होने के मामले में प्राधिकरण के शीर्ष अवसर काफी गंभीर हैं।

ऐसे प्रकरण भविष्य में ना हो उसके लिए चाक-चौबंद रणनीति बनाई जा रही है तथा कई नियम भी तय किया जा रहे हैं। इसी के तहत अब ऐसा सिस्टम विकसित किया जाएगा। जिससे संपत्ति का टीएम यानी ट्रांसफर आफ मेमोरेंडम होने के पहले मूलआवंटी के पास इस संबंध में एसएमएस आएगा। मूलआवंटी की सहमति होने के बाद ही टीएम की फाइल को आगे बढ़ाया जाएगा। यदि मूलआवंटी की आपत्ति आती है तो समूची प्रक्रिया रोक दी जाएगी तथा मामले की व्यापक जांच होगी।

नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि फर्जीवाड़ा रोकने के लिए इसी तरह का एक सॉफ्टवेयर तैयार करने पर विचार चल रहा है। बतादें कि कुछ दिन पूर्व नोएडा प्राधिकरण में रिटायर्ड आईएएस अफसर हरी शंकर मिश्रा की मौत के बाद उनकी करोड़ों रुपए की प्रॉपर्टी पर तीन महिलाओं ने दावा किया कर दिया था। इस मामले की जांच अभी चल ही रही है कि एक और मामला नोएडा प्राधिकरण में आ गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि




**नोएडा ( चेतना मंच )।** महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा कार्यालय सेक्टर-52 पर आज कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का शहादत दिवस मनाया। महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बापू को श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा अध्यक्ष मुकेश यादव,वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट दिनेश अवाना, महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य व महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा उपाध्यक्ष यतेन्द्र शर्मा, महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा महासचिव रामकुमार शर्मा,पीसीसी सदस्य मोहम्मद चांद,महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा सचिव आशुतोष, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गौरव अधाना, जिला सचिव युवा कांग्रेस श्याम दीक्षित, सतीश पांचाल,अरुण प्रधान सहित कई कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी पर नोएडा में त्रिवेणी के स्नान का पुण्यलाभ उठायें!



**नोएडा ( चेतना मंच )।** यदि आप प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में संगम में स्नान से वंचित रह गए हैं तो निराश होने की जरूरत नहीं है। आपको बसंत पंचमी के पर्व पर नोएडा में ही संगम यानी त्रिवेणी में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हो जाएगा।

जी हां! सेक्टर-122 में आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के सहयोग से यह व्यवस्था की गई है। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष डा. उमेश शर्मा ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर 2 फरवरी को सेक्टर-122 स्थित छठ पर्व के तालाब पर त्रिवेणी यानी गंगा यमुना तथा सरस्वती नदियों का जल लाकर भरा जाएगा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पुलिस पर हमला कर फरार हुए बदमाश गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर पुलिस ने आज सुबह को एक सूचना के आधार पर पुलिस के ऊपर जानलेवा हमला करके भागे दो बदमाशों को गिरफ्तार किये है। इनके पास से पुलिस ने अवैध हथियार बरामद किया है। इनके तीन साथियों को पुलिस ने कल सुबह को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। जिनमें दो बदमाशों के पैर में गोली लगी थी, तथा इनके पास से पुलिस ने चोरी किया हुआ एक ट्रैक्टर ट्रॉली, घटना में प्रयुक्त कार, तीन देसी तमंचा, कारतूस आदि बरामद किया था।



पुलिस ने बताया कि थाना सूरजपुर पुलिस ने आज सुबह को एक सूचना के आधार पर दिलीप और हरिओम नामक दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने एक-एक चाकू बरामद किया है।

बुधवार सुबह को हुई पुलिस मुठभेड़ के दौरान आज गिरफ्तार दोनो आरोपी पुलिस पर जानलेवा हमला करके मौके से भाग गए थे। उनके तीन साथियों को पुलिस ने कल गिरफ्तार किया था। बुधवार को मोजर बीयर गोल चक्कर के पास चैकिंग कर रही थी, तभी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## भाजपा में महिलाओं की भागीदारी महज जुमलेबाजी!

### उप्र के 95 जिला व महानगर अध्यक्षों में से सिर्फ 4 महिला अध्यक्ष

अरुण सिन्हा

**नोएडा।** चाल, चरित्र व चेहरा की दुहाई देने वाली भारतीय जनता पार्टी संगठन के विस्तारीकरण की दौड़ में अपने ही सिद्धांतों को दफन करती नजर आ रही है। इसी क्रम में संगठन में महिलाओं को 33 फीसदी भागीदारी देने का पार्टी का दावा भी महज जुमलेबाजी साबित हो रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरे उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के 95 जिला एवं महानगर अध्यक्षों में महिलाओं की भागीदारी महज 4 है।

बता दें कि समूचे उत्तर प्रदेश में भाजपा ने संगठन की दृष्टि से 6 क्षेत्रों में बांटा है। जिसमें बृज क्षेत्र, काशी क्षेत्र, अवध क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र, गोरखपुर क्षेत्र तथा कानपुर क्षेत्र हैं। सभी 6 क्षेत्रों में पार्टी के जिलाध्यक्षों तथा महानगर अध्यक्षों की कुल संख्या 95 है।

इनमें से सिर्फ कानपुर क्षेत्र के जालौन में उर्विजा दीक्षित जिलाध्यक्ष हैं। गोरखपुर क्षेत्र से मऊ जिले में नुपुर अग्रवाल जिलाध्यक्ष है। काशी क्षेत्र में प्रयागराज गंगापार जिले में कविता पटेल जिलाध्यक्ष तथा बृज क्षेत्र के शाहजहांपुर महानगर में शिल्पी गुप्ता अध्यक्ष पद पर काबिज हैं। यानी पूरे प्रदेश के 95 अध्यक्षों में महिलाओं की भागीदारी सिर्फ4 तक ही सीमित है। भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी के संगठन में महिलाओं की 33 फीसदी भागीदारी का पार्टी का दावा महज जुमलेबाजी से अधिक कुछ और नहीं है।



### पश्चिमी उप्र में कोई महिला अध्यक्ष नहीं

भाजपा के पश्चिमी क्षेत्र में यूं तो 17 जिला एवं महानगर अध्यक्ष हैं। लेकिन किसी भी अध्यक्ष पद पर किसी महिला को कोई स्थान नहीं दिया गया है। इसी क्षेत्र से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी आते हैं। महिलाओं को अध्यक्ष पद न दिये जाने से महिला कार्यकर्ताओं में काफी निराशा है।

### गौतमबुद्धनगर व नोएडा में अभी तक कोई महिला अध्यक्ष नहीं!

पश्चिमी क्षेत्र के गौतमबुद्धनगर जनपद तथा नोएडा महानगर में अभी तक किसी भी महिला कार्यकर्ता को अध्यक्ष पद नसीब नहीं हुआ है। जबकि इस क्षेत्र में कर्मठ व समर्पित महिला कार्यकर्ताओं की कोई कमी नहीं है। जनपद में दो सांसद, तीन विधायक, 3 एमएलसी भी हैं। फिर भी महिलाओं को संगठन में कोई तब्बजो नहीं मिलने से कर्मठ व सक्रिय महिला कार्यकर्ता मायूस हैं।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल



सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

## ग्लोबल वार्मिंग

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि ग्लोबल वार्मिंग ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। खासकर भारत जैसे देश में जहां अधिकांश कृषि मानसूनी बारिश पर निर्भर है। सबसे बड़ा संकट हमारे कृषि क्षेत्र पर है, जहां उत्पादकता घटने से हमारी खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ती नजर आ रही है। लेकिन अब 'नेचर क्लाइमेट चेंज' पत्रिका में प्रकाशित वह रिपोर्ट चौंकाती है, जिसमें खुलासा किया गया है कि भारत में करीब साढ़े पांच करोड़ बच्चों की शिक्षा हीटवेव से बाधित हुई है। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। रिपोर्ट दावा करती है कि वर्ष 2024 में लू के कारण भारत में शिक्षा व्यवस्था पर खासा प्रतिकूल असर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट 'लर्निंग इंटरप्टेड = ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024' में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। उल्लेखनीय है कि अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आए, लेकिन बच्चों के प्रति कोई ऐसा संवेदनशील अध्ययन सामने नहीं आया था। जिसने जहां एक ओर अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी, वहीं सरकार पर दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां यथाशीघ्र बनाये। निस्संदेह, यह अध्ययन देश के नीति-नियंताओं को चेताता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये शिक्षा ही नहीं स्वास्थ्य आदि अन्य क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर काम करने की जरूरत है। शिक्षाविदों के साथ ही चिकित्सा बिरादरी के लोगों को भी इस ज्वलंत मुद्दे पर मंथन करने की जरूरत है क्योंकि अध्ययन में वर्ष 2050 तक बच्चों पर गर्म हवाओं का असर आठ गुना तक बढ़ने की आशंका है। बीता साल एक सदी से अधिक अवधि के बाद का सबसे गर्म साल घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने सूचित किया था कि वर्ष 2024 वर्ष 1901 के बाद सबसे अधिक गर्म साल रहा है। जो ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को ही उजागर करता है। यह भी कि यदि देश-दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। जो न केवल बच्चों की शिक्षा बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डालेगा। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने चेतावनी दी है कि ग्लोबल वार्मिंग संकट से बच्चों की शिक्षा बाधित होने से उनके भविष्य पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। लू की गर्म लहरों के बीच छोटे बच्चों का स्कूल जाना संभव नहीं हो पाता। अभिभावक भी पढ़ाई की तुलना में उनके जीवन को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में समय रहते स्कूलों के समय निर्धारण में परिवर्तन और बढ़ती गर्मी से जुड़ी सावधानियों के प्रति जागरूकता बढ़ाकर इस संकट का मुकाबला किया जा सकता है। इसके अलावा देश में जलवायु परिवर्तन प्रभावों का हमारे जन-जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के मूल्यांकन के लिये व्यापक अध्ययन व शोध करने की जरूरत महसूस की जा रही है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो इसके प्रभाव दीर्घकालीन हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यूनीसेफ ने जिस अध्ययन का हवाला दिया है वह ओस्लो यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के निष्कर्ष हैं। यह कोशिश भारत के विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों द्वारा की जानी चाहिए ताकि निष्कर्ष भारतीय परिस्थितियों के हिसाब से स्वदेशी अध्ययन के चलते अधिक प्रमाणिक हों। लेकिन इसके अलावा ओस्लो विश्वविद्यालय के अध्ययन में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि भारत को ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों की दृष्टि से अधिक संवेदनशील बताया गया है। हालांकि, बीते वर्ष ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से पूरी दुनिया के चौबीस करोड़ बच्चों की पढ़ाई मौसम की तल्खी से बाधित हुई है। बड़ी संख्या में बच्चे मौसमी व्यवधानों के चलते स्कूल नहीं जा पाए। निस्संदेह, परीक्षा परिणाम प्रभावित होने से बच्चों के भविष्य पर इसका प्रतिकूल असर दीर्घकालिक हो सकता है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ( इसके सिवा ) श्री रामचन्द्रजी के और भी जो अनेक रहस्य ( छिपे हुए भाव अथवा चरित्र ) हैं, उनको कहिए। हे नाथ! आपका ज्ञान अत्यन्त निर्मल है। हे प्रभो! जो बात मैंने न भी पूछी हो, हे दयालु! उसे भी आप छिपा न रखिएगा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**तुम्ह त्रिभुवन गुर बेद बखाना। आन जीव पाँवर का जाना॥**
**प्रस्न उमा कै सहज सुहाई। छल बिहीन सुनि सिव मन भाई॥**

वेदों ने आपको तीनों लोकों का गुरु कहा है। दूसरे पामर जीव इस रहस्य को क्या जानें! पार्वतीजी के सहज सुंदर और छलरहित (सरल) प्रश्न सुनकर शिवजी के मन को बहुत अच्छे लगे॥

**हर हियँ रामचरित सब आए। प्रेम पुलक लोचन जल छाए॥**
**श्रीरघुनाथ रूप उर आवा। परमानंद अमित सुख पावा॥**

श्री महादेवजी के हृदय में सारे रामचरित्र आ गए। प्रेम के मारे उनका शरीर पुलकित हो गया और नेत्रों में जल भर आया। श्री रघुनाथजी का रूप उनके हृदय में आ गया, जिससे स्वयं परमानन्दस्वरूप शिवजी ने भी अपार सुख पाया॥

**दो0-मगन ध्यान रस दंड जुग पुनि मन बाहेर कीन्ह।**
**रघुपति चरित महेस तब हरषित बरनै लीन्ह॥**

शिवजी दो घड़ी तक ध्यान के रस (आनंद) में डूबे रहे, फिर उन्होंने मन को बाहर खींचा और तब वे प्रसन्न होकर श्री रघुनाथजी का चरित्र वर्णन करने लगे॥

(क्रमशः...)

# फर्नेस ऑयल और पिटकोक ईंधन बन रहा मौत का वाहक

प्रदूषण को लेकर दुनिया में भले ही कितनी भी चिंता व्यक्त की जाती हो, कितने ही बड़े बड़े सम्मेलन होते हो, दुनिया के देशों के प्रमुखों द्वारा कितनी ही साझा बैठकें कर चिंता व्यक्त की जाती हो, कितनी ही गंभीरता का ताना-बाना बुना जाता हो पर धरातल पर देखे तो परिणाम बेहद चौंकाने वाले और गंभीर चिंता का कारण है। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर की 2024 की रिपोर्ट की ही माने तो वायु प्रदूषण अकारण मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है। ग्लोबल एयर की ही रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में सालाना 81 लाख लोग वायु प्रदूषण के कारण मौत का शिकार हो जाते हैं। यदि भारत की ही बात करें तो सालाना 21 लाख लोग वायु प्रदूषण के कारण अपनी जिंदगी की जंग हार जाते हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि दुनिया के देशों में होने वाली 8 मौतों में से एक मौत का प्रमुख कारण वायु प्रदूषण है।

ऐसा नहीं है कि सरकारें या न्यायालय या विश्व के राजनेता इससे चिंतित नहीं हो, अपितु लाख गंभीरताओं के बावजूद जो परिणाम सामने आ रहे हैं वह कहीं ना कहीं हमारी व्यवस्था की पोल खोल कर ही रख रहे हैं। अब भारत की ही बात की जाए तो सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2017 में एक जनहित याचिका पर निर्णय करते हुए फर्नेस ऑयल और पिटकोक के उपयोग पर रोक लगा दी गई। खासतौर से एनसीआर से जुड़े प्रदेशों दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तरप्रदेश में यह रोक लगाई गई। इसी के क्रम में उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र सहित देश के अनेक प्रदेशों में इसको लेकर गाईड लाईन जारी की जा चुकी है। पर इस सबके बावजूद पेट्रोलियम प्लानिंग एण्ड एनालिसिस सेल के आंकड़े साफ साफ चिढ़ाते हुए नजर आ रहे हैं। इस साल ही अप्रेल, 24 से दिसंबर, 24 तक के आंकड़ें बताते हैं कि रोक व सख्ती के बावजूद नौ माह में ही 49 लाख 95 हजार मैट्रिक टन फर्नेस ऑयल और एलएसएचएस का घरेलू उपयोग हुआ है। इसी तरह से पिटकोक का उपयोग 161 लाख 12 हजार मैट्रिक टन रहा है। तस्वीर का एक पहलू यह है कि 1997-98 में देश में 114 लाख 94 हजार मैट्रिक टन फर्नेस ऑयल और एलएसएचएस का उपभोग हो रहा था वहीं 1997-98 में 2 लाख 77 हजार मैट्रिक टन पिटकोक का उपभोग हो रहा था। इसके बाद हांलाकि फर्नेस ऑयल व अन्य के उपयोग में उतार चढ़ाव रहा है पर जहां तक पिटकोक के उपयोग में बेतहासा बढ़ोतरी हुई है। खासतौर से रियल एस्टेट ने पिटकोक के उपयोग को कई गुणा बढ़ा दिया है वहीं पिछले कुछ सालों से फर्नेस ऑयल व एलएसएचएस का उपयोग में कोई खास कमी नहीं आ रही है। बल्कि सारी बात साफ होती जा रही है कि वायु प्रदूषण में प्रमुख भूमिका निभा रहे इन दोनों ईधनों के उपयोग पर जो कार्रवाई न्यायालय के आदेशों की भावना और एनजीटी के प्रयासों से होना चाहिए था वह कम से कम धरातल पर तो दिखाई नहीं दे रही है।



**वायु प्रदूषण में पीपीएम का मतलब साफ है कि हवा में गैस के प्रति मिलियन भाग है। रसायन विज्ञान में वायुमण्डल के गैसों की सांद्रता को बताने के लिए पीपीएम का प्रयोग किया जाता है। फर्नेस ऑयल या पिटकोक के ईंधन के रुप में उपयोग से नदी-नालें, जलवायु, पेड़-पौधें, यहां तक की पशु पक्षी भी प्रभावित हो रहे हैं।**

दरअसल देखा जाए तो फर्नेस ऑयल व पिटकोक गैर नवीकरणीय जीवाश्म ईंधन है। विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि इनका अनुचित स्टोरेज तक भूमि और भूजल दोनों को नुकसान पहुंचाने वाला है। जब स्टोरेज करने मात्र से नुकसान पहुंचाने वाला है तो इस ईंधन को जलाने से कितना नुकसान हो सकता है इसकी गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि फर्नेस ऑयल के ईंधन के रुप में उपयोग से ग्रीन हाउस में हानिकारक कण फैलते हैं और देखा जाए तो हवा में जहर घुलने लगता है। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि पिटकोक और फर्नेस ऑयल में सल्फर हैं। पेटकोक में 65 हजार से 75 हजार पीपीएम और फर्नेस ऑयल में 22 हजार पीपीएम स्तर है। वायु प्रदूषण में पीपीएम का मतलब साफ है कि हवा में गैस के प्रति मिलियन भाग है। रसायन विज्ञान में वायुमण्डल के गैसों की सांद्रता को बताने के लिए पीपीएम का प्रयोग किया जाता है। फर्नेस ऑयल या पिटकोक के ईंधन के रुप में उपयोग से नदी-नालें, जलवायु, पेड़-पौधें, यहां तक की पशु पक्षी भी प्रभावित हो रहे हैं। जहां तक आम आदमी की बात है तो फर्नेस ऑयल के ईंधन के रुप में उपयोग से वायु प्रदूषण तो होता ही है साथ ही सीधे सीधे यह हमारें फेफड़ों को प्रभावित करता है। इससे फेफड़ों की क्षमता कम होने के साथ ही सांस जनित रोग यहां तक की फेफड़ों के कैंसर की संभावनाएं तेजी से बनती है। दमा, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज जिसे सीओपीडी भी कहते हैं और फेफड़ों के कैंसर की संभावना बन जाती है। इसके साथ ही इससे जुड़ी अन्य गंभीर बीमारियां जकड़ने लगती है। यह सब जानकारी में होने के बावजूद फर्नेस ऑयल या पिटकोक जिसे पेट्रोलियम कोक भी कहते हैं के उपयोग में जिस तरह से कमी आनी चाहिए थी या जिस तरह से इनके विकल्प के उपयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए था वह हो नहीं पाया और सब कुछ होने और सरकार के पास आंकड़े होने के बावजूद इनके उपयोग पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है।

दरअसल सस्ता ईंधन होने के कारण फर्निस ऑयल आदि का उपयोग इण्डस्ट्रीज में तो हो ही रहा है मेट्रो सिटीज ही नहीं बल्कि अब तो छोटे बड़े शहरों में भी होटलों, ढ़ाबों, रेस्ट्राओं, बड़े चाट-पकोड़ी आदि फास्ट फूड बनकार बेचने वालों द्वारा आम होता जा रहा है। मजे की बात यह है कि फर्नेस ऑयल जैसे वायु प्रदूषण का कारक और स्वास्थ्य के लिए अति गंभीर ईंधन का उपयोग हो रहा है और इसकी पुष्टि पेट्रोलियम प्लानिंग एण्ड एनालिसिस सेल के आंकड़ें सिद्ध कर रहे हैं। ऐसे में एनजीटी, राज्यों के पर्यावरण मंत्रालय, पर्यावरण क्षेत्र में कार्य कर रहे सरकारी और गैर सरकारी संगठनों को सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। एक और जहां अवेयरनेस की आवश्यकता है तो फर्नेस ऑयल का उपयोग करने वालों को समझाइस के साथ ही आवश्यकता पड़ने पर सख्ती भी करनी होगी। एक और देश ग्रीन एनर्जी और ईंधन के रुप में एलपीजी से भी एक कदम आगे सीएनजी और पीएनजी की और तेजी से आगे बढ़ रहा हैं वहीं कुछ लोग निजी लाभ के चक्कर में वायु प्रदूषण फैलाकर सीधे आमआदमी के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले ईंधन फर्नेस ऑयल और पिटकोक आदि का सरेआम उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में सरकार और गैरसरकारी संस्थाओं का दायित्व हो जाता है कि वह आगे आएं और इनके प्रयोग को हतोत्साहित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। यह समय की मांग और प्रकृति को विकृत होने से बचाने के लिए भी आवश्यक हो जाता है।

**- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

# दिल्ली चुनाव में महिला वोटरों की उदासीनता

अरविंद केजरीवाल ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एक बार फिर फ्रीबीज की झड़ी लगाई है। कितने सफल होंगे ये तो आने वाला समय ही तय करेगा। पर, अब इतना जरूर है, लोग फ्री की सौगातों से ऊबने लगे है। श्रमबल को तरजीह देने वाली आधी आबादी, भी अब मुफ्त की चुनावी रेबड़ियों पर ध्यान नहीं देगी। इसी कारण जारी दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार में महिला वोटरों की उदासीनता बड़े पैमाने पर दिखने लगी है। पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के कूदे कुल 699 उम्मीदवारों में 96 महिला कैंडिडेट भी हैं। पर, वैसा उत्साह नहीं दिखता, जितना पिछले चुनावों में दिखा था। जबकि, प्रमुख दल आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस तीनों महिला वोटरों को रिझाने में मुफत के वादों की झड़ी लगाए हुए हैं। कोई 2100 रूपए देने का वादा कर रहा है तो 2500 और 3000 तक भी? फ्री बस सेवा सभी के एजेंड़ों में हैं। अब, सवाल यहां ये उठता है, इतनेलुभावने वादों के बाद भी महिला वोटरों में उत्साह क्यों नहीं है? इस डरावनी तस्वीर से न सिर्फ सफेदपोश परेशान हैं, बल्कि चुनाव आयोग भी चिंतित है। चुनावी समर में लगातार तेजी से गिरता वोटिंग प्रतिशत चुनावी प्रक्रिया के अलावा लोकतंत्र के लिए भी घातक है। जबकि, बीते 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में महिलाओं का वोटिंग स्कोर पुरुषों के मुकाबले अधिक था।

शायद, महिलाएं भी अब समझ चुकी हैं कि फ्री के नाम पर राजनीतिक दल उन्हें वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने लगे हैं? महिलाएं बुनियादी मुद्दों की गंभीरताओं को अच्छे से समझती हैं। राज्य तरक्की करे उसमें उनकी भागीदारी हो, को ध्यान में रखकर ज्यादातर महिलाएं मुफ्त की रेवड़ियां से तौबा करना शुरू कर दिया है। इस संबंध में एक ताजा और बेहतरीन उदाहरण सामने है। पिछले विधानसभा चुनाव में बिहार में जब नीतीश कुमार ने शराब बंदी का ऐलान करके चुनाव लड़ा, तो महिलाओं ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया और उन्हें सत्ता पर बैठा दिया। देश और सामाजिक उद्धार वाले मुद्दों के प्रति महिलाएं कितनी सजग हैं, इससे खूबसूरत उदाहरण दूसरा कोई नहीं हो सकता। केंद्रीय स्तर पर जब से आत्मनिर्भरता की अलख चहुंओर जगी है। तब, से महिलाएं भी श्रमबल को ज्यादा तवज्जो देनी लगी हैं। ये अच्छी बात है, इससे राजनीतिक दल अपनी हरकतों से बाज आएंगे। शायद यही कारण है दिल्ली में महिलाओं की चुनाव के प्रति उदासीनता है। क्योंकि, सभी दल मुद्दों-समस्याओं को छोड़कर फ्री की सेल लगाकर बैठे हैं। ऐसे दलों का पुरजोर विरोध होना ही चाहिए। विरोध से ही सरकारें टैक्सपेयर्स का पैसा बर्बाद करने से पीछे हटेंगी।

महिलाओं की उदासीनता के बूते ही दिल्ली चुनाव इस बार नई



तस्वीर पेश करेगा। मौजूदा सरकार की शराब पॉलिसी को लेकर महिलाएं खासी नाराज हैं। सरकार की नई शराब नीति में 'एक पर एक फ्री बोतल' पॉलिसी ने कईयों के घर बर्बाद कर दिए। जो नहीं पीता था, वो भी फ्री के चक्कर में पीने लगा। मौजूदा सरकार अगर सत्ता से बेदखल होती है, तो शराब ऑफर उसका मुख्य कारण होगा। वैसे, कम होती वोटिंग विधा की तल्ख सच्चाई से चुनाव और सियासी दल अच्छे से वाकिफ हैं। लेकिन उस हकीकत को दोनों कभी उजागर नहीं करना चाहेंगे। हकीकत ये है, चुनावों में अगर ग्रामीण, मध्यमवर्ग और महिलाएं हिस्सा न लें? तो वोटिंग प्रतिशत और धरातल में घुस जाए। वोटिंग से शिक्षित वर्ग, वर्किंग लोग लगातार दूरियां बनाने लगे हैं। मतदान के दिन वह छुट्टियां मनाते हैं, बा-मुश्किल ही घरों से उस दिन बाहर निकलते हैं।

दिल्ली में इस बार जितने नए वोटर जुड़ें हैं उनमें पुरूषों के मुकाबले महिलाएं मतदाता काफी पीछे हैं। ये स्थिति तब है, जब दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने की कोशिश कर रहे तीनों प्रमुख दलों के घोषणाओं में महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की मूसलाधार भरमारें हैं। आप, भाजपा व कांग्रेस तीनों दल आधी आबादी को अपने पाले में करने की भरसक कोशिशें में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची पर अगर गौर करें, तो पुरुष मतदाताओं से महिलाओं की संख्या काफी कम है। इस बार दिल्ली में कुल 1,55,24,858 मतदाता अपने मतों का 5 फरवरी को इस्तेमाल करेंगे जिनमें पुरुषों की संख्या 85,49,645 और महिलाओं की संख्या 71,73,952 है। बीच में अंतर अच्छा खासा है।

हालांकि, दिल्ली चुनाव आयोग ने मतदान बढ़ाने को लेकर एक नायाब तरीका अपनाया है। उन्होंने दिल्ली के तकरीबन स्कूलों को आदेशित किया है कि वह छात्रों के जरिए उनके माता-पिता व अन्य परिवारजनों से वोटिंग करने को लेकर लिखित में संकल्पित करवाएं। इसके लिए बाकायदा छात्रों से एक संकल्प पत्र दिया गया हैं जिस पर उनके अभिभावक वोट देने की कसम को लिखित हस्ताक्षर के साथ स्कूलों में जमा करवा रहे है। हैरत यही है कि नौबत ऐसी आ गई कि वोटिंग बढ़ाने के लिए सरकारी सिस्टम ने स्कूलों और छात्र-छात्रों का सहारा लेना शुरू कर दिया है।

बहरहाल, दिल्ली चुनाव में दो धड़े ऐसे हैं जो सियासी दलों की इस बार नैया पार लगा सकते हैं। अव्वल, महिला वोटर और दूसरे पूर्वांचल से वास्ता रखने वाले लोग? दिल्ली में प्रत्येक 10 वोटरों में तीसरा वोटर पूर्वांचली है। अगर इन दोनों की उदासनीता चुनाव पर हावी रही, तो वोटिंग प्रतिशत और नीचे गिर जाएगा। पिछले दिनों कुछ राज्यों में विधानसभा सीटों पर उप-चुनाव हुए जिनमें दिल्ली से सटी गाजियाबाद सीट पर मात्र 33 फीसदी ही मतदान हुआ, जिसे देखकर आयोग के ही नहीं, नेताओं के कान खड़े हो गए। जबकि, गाजियाबाद सीट पर महिला वोटरों की संख्या बहुत अच्छी है। सवाल यहां एक ये भी उठने लगा है कि क्या महिलाएं भी मुफ्त रेवड़ियां से परहेज करने लगी हैं। अगर ऐसा है तो सुखद तस्वीर कही जाएगी। निश्चित रूप से देश की शिक्षित महिलाएं अब अपने श्रमबल को तरजीह देने लगी हैं। उन्हें देखकर ग्रामीण आबादी भी सजग हुई है। वोटिंग प्रक्रियाओं में महिलाओं की चुप्पी क्या कहती है, उसे समझना चुनाव आयोग और राजनेताओं को अब आवश्यक हो गया है।

**- डॉ. रमेश ठाकुर**

## राशिफल

माघ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
घरेलू सुख बाधित होगा। भौतिक सुख सुविधाओं में थोड़ा सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
नाक, कान, गला की परेशानी होगी। व्यावसायिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं होगी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे लेकिन स्वयं की जीत हो जाएगी आपकी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
धन हानि के संकेत हैं। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। कुटुंबों में थोड़ा सा हलचल रहेगी। प्रेम, संतान मध्यम।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू मैं-मैं से बचें। मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
व्यावसायिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा। कोर्ट कचहरी से बचें। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी है। स्वास्थ्य मध्यम है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
यात्रा निराशाजनक रहेगी। भाग्य पर भरोसा कर अभी कोई रिस्क न लें। प्रेम, संतान की स्थिति भी मध्यम है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
स्वयं के स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी चाकरी में कोई रिस्क न लें। प्रेम, संतान मध्यम।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दीजिए। प्रेम, संतान भी माध्यम है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
खर्च का अधिकतम मन को परेशान करेगी। अंजाना भय सताएगा। सरकारी गाज गिर सकते हैं।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
घबराहट, बेचैनी बनी रहेगी। ऊर्जा का स्तर घटता-बढ़ता रहेगा। वस्तुएं जो चाहिए उनकी उपलब्धता में थोड़ी सी दिक्कत रहेगी।

# समाजवादी पीडीए ने किया जन पंचायत का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी ने कल गांव इटेड़ा और हैवतपुर में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रविंद्र यादव के संयोजन में पीडीए जन पंचायतों का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ मेले में मची भगदड़ में मारे गए श्रद्धालुओं की आत्मा शांति के लिए तथा हादसे में घायलों को शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार भारत के संविधान में मिले पिछड़ो और दलितों के अधिकारों को समाप्त कर संविधान को बदलना चाहती है, आज देश और प्रदेश में सरकार पिछड़ों दलितों और अल्पसंख्यकों का शोषण हो रहा है और कहा कि भाजपा सरकार चंद पूजी पतियों को लाभ पहुंचाने की मंशा से देश की जनता को महंगाई और बेरोजगारी की आग में झोंक रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की सबसे ज्यादा भ्रष्ट एवं झूठी पार्टी है, प्रयागराज महाकुंभ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाली भाजपा सरकार की पोल महाकुंभ में हुए हादसे के बाद खुल गई है। हजारों करोड़ खर्च करने के बावजूद भी सरकार श्रद्धालुओं को उचित सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं करा पाई, जिससे महाकुंभ में भीषण हादसा हो गया और कई श्रद्धालुओं की जान चली गई।

इस मौके के पर प्रमुख रूप से डॉ महेंद्र नागर, वीर सिंह यादव, फकीरचंद नागर, गजराज सिंह नागर, सुनील भाटी देवटा, जिला महासचिव सुधीर तोमर, जुगती सिहं, अक्षय चौधरी, सुनीता यादव, उपदेश नागर, दीपक नागर, मोहित यादव, हैप्पी पंडित, शशि यादव, कृष्ण नागर, जितेंद्र अग्रवाल, शादाब हुसैन, बबलू यादव, अनिल यादव हैबतपुर, भीम यादव, सतीश यादव,सूले यादव, मुकुल यादव आदि मौजूद रहे।

# न्याय दिलाने का दिया भरोसा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी युवजनसभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अक्षय भाटी कैलाशपुर गाँव के दलित समाज की बहू कोमल के परिवार से मिले लगभग एक महीना बीत जाने के बाद भी अब तक शासन प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार की कोई सुनवाई नहीं हुई।

अक्षय भाटी ने परिवार से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया ओर भरोसा दिलाया की यदि प्रशासन द्वारा आपकी कोई सुनवाई व मदद नहीं हुई तो मैं व्यक्तिगत रूप से और हमारी पार्टी भी परिवार के साथ मिलकर आपकी लड़ाई लड़ेगी और हर संभव मदद भी करेगी।

कोमल ग़रीब व दलित समाज में जन्मी जो पेशे से अध्यापिका थी



कोमल का एक 4 साल का बच्चा है। परिवार का आरोप है कि उनकी बहू की कृष्णा हॉस्पिटल दादरी के डॉक्टर द्वारा की गई लापरवाही से सिर्फ़ (27 वर्ष) की आयु में मौत हो गई।

# नौवें दिन खेला गया जेल में मैच



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में कल नौवें दिन जेल प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच खेला गया। इस अवसर पर बृजेश कुमार जेल अधीक्षक, डॉ0 विवेकपाल चिकित्साधिकारी, राजीव कुमार सिंह कारापाल, संजय कुमार षाही कारापाल, मनोरमा सिंह उपकारापाल, मनोज कुमार सिंह आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।नौवें दिन जेल प्रीमियर लीग के तहत खेले गये क्रिकेट मैच का आयोजन सफलतापूर्वक सपंन्न हुआ। यह लीग जेल में निरूद्ध खिलाडियों व कार्मिकों के बीच क्रिकेट के माध्यम से समर्पण,टीम भावना और खेल कौषल को बढावा देने के लिये आयोजित की जा रही है।

दिन की शुरूआत पहले मैच जेल लॉयन्स व जेल किंग्स के बीच हुआ। जिसमें जेल लॉयन्स द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय करते हुये 12 ओवरों में 07 विकेट के नुकसान पर अजहर की 85 रनों की साझेदारी के साथ 118 रनों का लक्ष्य जेल किंग्स के सामने रखा। जेल किंग्स ने 09 वें ओवर में ही बडे ही आसानी से 118 रनों का लक्ष्य 02 विकेटों के नुकसान पर जीत दर्ज की।

जेल नम्बरदार व जेल रॉयल्स के बीच खेला गया। जिसमें जेल नम्बरदार ने पहले बल्लेबाजी करते हुये और जेल रॉयल्स के सामने 07 विकेट के नुकसान पर 10 ओवरों में 103 रनों का लक्ष्य रखा। जिसे जेल रॉयल्स की टीम ने कडी टक्कर देते हुये 06 विकेट के नुकसान पर 92 रन बनाकर 11 रनों से हार गयी।

तीसरा मुकाबला जेल वॉरियर्स (जेल वार्डर) और जेल डेयरडेविल्स के मध्य खेला गया। जिसमें जेल डेयरडेविल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जेल वॉरियर्स की बल्लेबाजी करने के लिये ओपनिंग पर डॉ0 विवेकपाल व श्री बृजेष कुमार जेल अधीक्षक खुद उतरे। श्री बृजेष कुमार ने 02 छक्के व 01 चौके की मदद से 24 रन बनाये व डा0 विवेकपाल ने 02 छक्के व 1 चौके की मदद से 11 गेदों पर 17 रन बनाये वहीं नवनीत षर्मा ने 04 छक्के व 1 चौके के साथ 11 गेंदों में 29 रन बनाने के साथ ही जेल डेयरडेविल्स के सामने 05 विकेट के नुकसान पर 135 रनों का लक्ष्य रखा। जिसका पीछा करते हुये 03 विकेट के नुकसान पर 101 रन बनाकर 34 रनों से हार गयी।

# "कैंसर एंव कैंसर इम्यूनोथेरेपी में प्रगति" पर अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलन

**नोएडा (चेतना मंच)।** छात्रों और शोधार्थियों को कैंसर इम्यूनोथेरेपी के क्षेत्र मे हो रही अनुसंधानिक प्रगति की जानकारी प्रदान करने के लिए एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी सेंटर फॉर ट्रांसलेशनल रिसर्च द्वारा ग्लोबल कैंसर कंसोरियम के सहयोग से 5वें अंर्तराष्ट्रीय ग्लोबल कैंसर कंसोरियम सम्मेलन का आयोजन किया गया। 29 से 31 जनवरी तक चलने वाले इस सम्मेलन का शुभारंभ भारत सरकार के स्वास्थय अनुसंधान विभाग के सचिव एंव भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डा राजीव बहल, एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा अशोक कुमार चौहान, तलवार फांउडेशन के संस्थापक डा जी पी तलवार, इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी के उपाध्यक्ष डा एन के मेहरा, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, एम्स के पूर्व चिकित्सक डा जी के रथ, एमिटी सांइस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती और ग्लोबल कैसर कंसोरियम के संस्थापक डा विवेक एम रंगनेकर द्वारा किया गया।



भारत सरकार के स्वास्थय अनुसंधान विभाग के सचिव एंव भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डा राजीव बहल ने कहा कि इम्यूनोथेरेपी न केवल आशा प्रदान करती है बल्कि वास्तव में कैंसर की देखभाल में 25 प्रतिशत तक सहायक रही है, हालांकि, भारत में कैंसर के उपचार में अभी भी बहुत काम किया जाना बाकी है।

एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा अशोक कुमार चौहान ने कहा कि आज दिन एक ऐतिहासिक दिन है जब देश विदेश के कैंसर इम्यूनोथिरेपी के क्षेत्र में कार्य कर रहे विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, शोधार्थी आदि एमिटी के इस सम्मेलन मे उपस्थित है और कर्क रोग जैसे जटिल रोग के उपचार पर मंत्रणा कर रहे है। इस क्षेत्र में अनुसंधान कार्य के बृहद अवसर उपलब्ध है। हमें विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से इस क्षेत्र में आ रही चुनौतियों के निवारण हेतु कार्य करना होगा और एमिटी, राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर तलवार फांउडेशन के संस्थापक डा जी पी तलवार, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी के उपाध्यक्ष डा एन के मेहरा, एम्स के पूर्व चिकित्सक डा जी के रथ, एमिटी सांइस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती ने अपने विचार रखे।

ग्लोबल कैसर कंसोरियम के संस्थापक डा विवेक एम रंगनेकर और एमिटी विश्वविद्यालय के हैल्थ एंड एलाइड सांइसेस के डीन डा बी सी दास ने अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन सत्र में अतिथियों द्वारा सम्मेलन आधारित पुस्तक का विमोचन किया गया।

## पृष्ठ एक के शेष....

### बुलेरो जीप ने बच्चे को कुचला

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-142 क्षेत्र के सेक्टर-145 के पास एक अज्ञात बोलेरो जीप के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए 15 वर्षीय बच्चे को कुचल दिया। इस घटना में उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोमेश यादव पुत्र बलबीर सिंह यादव मूल निवासी जनपद बदायूं ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मौजूदा समय में ग्राम नलगढा सेक्टर-145 में अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। पीड़ित के अनुसार 29 जनवरी को शाम के समय उनका बेटा आरुष (15 वर्ष) सेक्टर 145 मेट्रो स्टेशन के पास सर्विस रोड पर पैदल जा रहा था, तभी काले रंग की रंग की बोलेरो जीप के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दिया। इस घटना में आरुष की मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बोलेरो का नंबर पीड़ित ने पुलिस को उपलब्ध करवाया है, उसके आधार पर उसके चालक और वाहन की तलाश की जा रही है।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी



Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com


**बसंत पंचमी पर...**

जिसमें नहाकर सभी लोग महाकुंभ की त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सेक्टर-122 से 122 सदस्य महाकुंभ के संगम में स्नान कर लौटे हैं। इनमें मुख्य तौर पर श्रीमती सोनल शर्मा तथा राजेन्द्र सैनी अपने साथ संगम यानी त्रिवेणी का जल लेकर आए हैं। यहां पर सुबह तथा शाम आरती का भी आयोजन होगा। बता दें कि बसंत पंचमी पर सुबह 9.14 बजे से शुभ मुर्हूत का शुभारंभ होगा जो 3 फरवरी को प्रात: 6.52 तक चलेगा। इस मुर्हूत पर लोग सेक्टर-122 में त्रिवेणी के स्नान का पुण्यलाभ उठा सकते हैं।

**टीएम के पूर्व मूल....**

यहां प्राधिकरण से रिटायर्ड अधिकारी की मौत के बाद एक अन्य शख्स ने उनके नाम का आधार, पैन और अन्य दस्तावेज बनाकर प्लाट किसी अन्य कंपनी को बेच दिया। ये प्लाट सेक्टर-40 में करीब 450 वर्गमीटर का है। जिसकी कीमत करीब 6 करोड़ है। जिसे फर्जी तरीके से एक कंपनी को बेचा गया।

प्राधिकरण ने अब इस मामले में जांच शुरू कर दी है। प्राधिकरण ने एक टीम गठित की है जो ये पता लगा रही है कि फर्जी दस्तावेज के आधार पर प्रॉपर्टी का ट्रांसफर ऑफ मैमोरेंडम कैसे कर दिया गया। जबकि मूल आवंटी की मौत करीब 8 साल पहले हो चुकी थी। इस मामले में फर्जी वाड़े के लिए दस्तावेज की एक लंबी ट्रैल है। जिसमें प्लाट के फर्जी कागज, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि। बैंक में किया गया चालान। दरअसल, पूरे फर्जीवाड़े को प्रमाणिक करने की शुरुआत नोएडा प्राधिकरण के आवासीय प्लाट विभाग से हुई।

यहां प्लाट की एनओसी फर्जी दस्तावेजों से किए गए आवेदन के आधार पर दी गई। जाहिर है बिना संलिप्पता के ऐसा होना संभव नहीं है। ऐसे में इस पूरे प्रकरण की जांच प्राधिकरण अपने स्तर से करवा रहा है। दस्तावेजों को वैरीफाइ कराया जा रहा है। प्राधिकरण के एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि ऐसा दोबारा नहीं हो इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे है।

**पुलिस पर हमला ...**

पुलिस को सूचना मिली कि देवला गांव से चोरी किया गया ट्रैक्टर ट्राली लेकर कुछ बदमाश रेलवे लाइन के किनारे खड़े हैं। ये लोग ट्रैक्टर ट्राली को कहीं पर बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस वहां पर पहुंची। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी।




## खास खबर

### एमजीएल ने किया निराश, निवेशकों के लिए किया 12 रुपए डिविडेंड का ऐलान

**मुंबई।** महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने तीसरी तिमाही के नतीजों में निराश किया, लेकिन निवेशकों को खुश करने के लिए तोहफा भी दिया है। कंपनी का शुद्ध मुनाफा 28.9 फीसदी गिरकर 225.4 करोड़ हो गया। पिछले साल की इसी तिमाही में यह 317.18 करोड़ रुपए था। महानगर गैस ने हर शेयर पर 12 का अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। इस डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट 3 फरवरी 2025 तय की गई है जिन निवेशकों के पास इस तारीख तक कंपनी के शेयर होंगे, उन्हें इसका लाभ मिलेगा। कंपनी ने कहा है कि डिविडेंड अगले 30 दिनों में बांट दिया जाएगा। नतीजे बाजार बंद होने के बाद आए, लेकिन इससे पहले ही महानगर गैस के शेयर चमकने लगे। मंगलवार को कंपनी का शेयर बीएसई पर 1,277.80 पर बंद हुआ, जो 19.05 या 1.51 फीसदी की बढ़त है। कंपनी बोर्ड की अहम मीटिंग 28 जनवरी को शुरू हुई और 4:30 बजे खत्म हुई थी। इसमें नतीजों और डिविडेंड से जुड़े फैसले लिए गए हैं।

### रुपया बढ़त के साथ खुला

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 17 पैसे की बढ़त के साथ ही 85.39 पर खुला। वहीं गत दिवस रुपया 86.56 पर बंद हुआ। गत दिवस रुपया शुरूआती कारोबार में 26 पैसे कमजोर होकर 86.57 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से रुपये पर दबाव जारी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.53 पर खुला और फिर फिसलकर 86.57 प्रति डॉलर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 26 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को नौ पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.31 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.49 फीसदी की बढ़त के साथ 107.86 पर रहा।

### नई एसयूवी स्कोडा किलाग की बुकिंग शुरू

**नई दिल्ली।** बाइक निमार्ता कंपनी स्कोडा ने अपनी नई एसयूवी स्कोडा किलाग की बुकिंग भी शुरू कर दी। कंपनी ने बाइक की डिलीवरी भी शुरू कर दी है। स्कोडा किलाग चार वेरिएंट्स - क्लासिक, सिग्नेचर, सिग्नेचर प्लस, और प्रेस्टीज में उपलब्ध है, जिनकी शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत 7.89 लाख रुपये है। अन्य वेरिएंट्स की कीमत 9.59 लाख रुपये से लेकर 14.40 लाख रुपये तक है, जो इसे विभिन्न बजट वाले ग्राहकों के लिए एक उपयुक्त विकल्प बनाती है इस गाड़ी में 1.0-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 115 एचपी की पावर और 178 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। स्कोडा का दावा है कि सिग्नेचर 0-100 किमी/घंटा की स्पीड केवल 10.5 सेकंड में हासिल कर सकती है, जो इस सेगमेंट में एक आकर्षक फीचर है। इसमें शाइनी ब्लैक फ्रंट ग्रिल, एलईडी हेडलाइट्स, 17 इंच अलॉय व्हील्स, सिंगल पेन इलेक्ट्रिक सनरूफ, और 20.32 सेमी डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर जैसे कई प्रीमियम फीचर्स शामिल हैं।

### भारत में निवेश की घोषणाओं में 39 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** भारत के निवेश पारिस्थितिकी तंत्र और बाहरी वाणिज्यिक ऋण में पिछले कुछ वर्षों में कुछ बदलाव देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय ने हाल ही में बताया है कि निवेश की घोषणाओं में वृद्धि हो रही है और निजी क्षेत्र का इसमें अहम योगदान है। वित्त वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों (अप्रैल से दिसंबर 2024) में कुल निवेश घोषणाएं 32.01 लाख करोड़ रुपये रही। यह पिछले साल की तुलना में 39 फीसदी अधिक है, क्योंकि वित्त वर्ष 24 में ये घोषणाएं 23 लाख करोड़ रुपये थीं। इस वृद्धि से निवेश पर सकारात्मक रुझान दिख रहे हैं। निवेश घोषणाओं में निजी क्षेत्र का योगदान बढ़कर 70 फीसदी तक पहुंच गया है, जबकि वित्त वर्ष 24 में यह आंकड़ा 56 फीसदी था।

# आध्यात्मिक पर्यटन 2030 तक पैदा करेगा 14 करोड़ नौकरियां

- 1,500 करोड़ का राजस्व आएगा
- अयोध्या की बुकिंग्स में साल दर साल 39 प्रतिशत का इजाफा
- ओयो की योजनाओं में सबसे प्रमुख शहर अयोध्या है





एजेंसी

**मुंबई।** ओयो संस्थापक और सीईओ रितेश अग्रवाल ने पोस्ट साझा किया कि भारत में आध्यात्मिक पर्यटन का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है और ओयो इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि ओयो होटल्स भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर अपनी सुविधाएं बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है। अग्रवाल ने लिखा, भारत में आध्यात्मिक पर्यटन बढ़ रहा है और ओयो आपकी यात्रा को और अधिक आरामदायक बनाने के लिए लगातार कदम बढ़ा रहा है। 2025 तक हम 12 प्रमुख तीर्थ स्थलों पर 500 होटल जोड़ने वाले हैं, ताकि श्रद्धालु अपनी आस्था यात्रा में ठहरने के लिए अच्छी जगह से समझौता न करें। ओयो की योजनाओं में सबसे प्रमुख शहर अयोध्या है। अग्रवाल के अनुसार राम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या एक प्रमुख तीर्थ स्थल बनाकर उभरा है और वहां ओयो 150 से अधिक नए होटल जोड़ने वाला है। ओयो एप पर अयोध्या की बुकिंग्स में साल दर साल 39 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इसके अलावा वाराणसी, प्रयागराज, हरिद्वार और पुरी जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों पर भी ओयो होटल्स की संख्या बढ़ाने का लक्ष्य है। रितेश ने बताया कि 2025 के महाकुंभ मेला के दौरान प्रयागराज में पहले ही बुकिंग की मांग दोगुनी हो चुकी है और इस कारण ओयो यहां 250 नए होटल जोड़ने की योजना बना रहा है। वहीं अमृतसर, उज्जैन, नासिक, वृंदावन और तिरुपति जैसे अन्य धार्मिक शहरों में भी ओयो की विस्तार योजनाएं हैं। इस मौके पर अग्रवाल ने कहा धार्मिक पर्यटन से 2028 तक 59 बिलियन डॉलर (करीब 1,500 करोड़) का राजस्व और 2030 तक 140 मिलियन (14 करोड़) नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।

### हीरो एक्स प्लस 210 की बुकिंग अगले महीने से शुरू होगी

**नई दिल्ली।** दो पहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकार्प की नई बाइक हीरो एक्स प्लस 210 बाइक की बुकिंग अगले महीने से शुरू होगी और डिलीवरी मार्च 2025 से शुरू होने की उम्मीद है। इस बाइक को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में लॉन्च किया है। यह बाइक दो वेरिएंट्स - बेस और टॉप - में उपलब्ध है। बेस वेरिएंट की कीमत 1,75,800 रुपये और टॉप वेरिएंट की कीमत 1,85,800 रुपये है। हीरो एक्स प्लस210 में 210सीसी का सिंगल-सिलिंडर, लिक्विड-कूल्ड, 4-वॉल्व इंजन दिया गया है, जो 24.6 बीएचपी की पावर और 20.7 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इसे एक छह-स्पीड गियरबॉक्स से जोड़ा गया है, जो बाइक को शानदार प्रदर्शन और बेहतर कंट्रोल प्रदान करता है। इस बाइक में एक आकर्षक गोल आकार का एलईडी हेडलाइट, पारदर्शी विजर के साथ एलईडी टर्न इंडिकेटर्स, ट्यूबलर हैंडलबार और सिंगल-पीस सीट जैसे डिजाइन फीचर्स शामिल हैं। हीरो एक्स प्लस 210 ऑफ-रोडिंग और दैनिक उपयोग दोनों के लिए एक बेहतरीन विकल्प साबित हो सकती है।

## बैटरी की क्षमता बढ़ाने व टिकाऊ ईवी समाधान के लिए नई पहल

एजेंसी

**हैदराबाद।** इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरीज की क्षमता बढ़ाने और पर्यावरण कि सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बढ़ाते हुए भारत की इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निमार्ता कंपनी प्योर ईवी ने फ्रांस की क्लाइमेट टेक कंपनी बीई एनर्जी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत लिथियम-आयन बैटरी रिकंडीशनिंग टेक्नोलॉजी को भारतीय मार्केट में लाया जाएगा। जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरीज की रियूज क्षमता को बढ़ाने, उनकी स्थिरता में सुधार और डिकाबोर्नाइजेशन प्रयासों को बेहतर बनाने में मदद मिल सकेगी। इस सहयोग पर प्योर ईवी के फाउंडर और एमडी डॉ. निशांत डोंगरी ने कहा, यह साझेदारी हमारे विजन से मेल खाती है, जिसमें टिकाऊ और पैसे का उचित मूल्य देने वाले ईवी तैयार करना शामिल है। इससे बैटरीज की री-सेल वैल्यू और उपभोक्ता विश्वास को भी बढ़ावा मिलेगा। बीई एनर्जी के ग्लोबल प्रेसिडेंट बर्ट्रेंड कॉस्टे ने कहा, हम अपनी उन्नत बैटरी रिकंडीशनिंग तकनीक भारत लाने और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने को लेकर उत्साहित हैं। यह साझेदारी खराब बैटरीज को फिर से उपयोगी बनाकर पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी। इस साझेदारी के तहत, बीई एनर्जी के उन्नत उपकरणों को प्योर ईवी की बैट्रिक्सफैराडे तकनीक के साथ जोड़ा जाएगा। यह तकनीक नई बैटरीज की आवश्यकता को कम करके ईवी मालिकों के लिए लागत बचत सुनिश्चित करेगी। साथ ही इससे मेक इन इंडिया पहल और ग्रीन टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना की शुरूआत 2026 तक हैदराबाद, तेलंगाना में होगी। यह कदम भारत में ईवी बाजार को अधिक टिकाऊ, सुलभ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव साबित होगा।



## शक्ति पंप्स इंडिया लिमिटेड ने तीसरी तिमाही में अपने बेहतरीन परफॉरमेंस को जारी रखा

एजेंसी



**रांची।** शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड (एसपीआईएल) ने 31 दिसंबर 2024 को खत्म होने वाली तिमाही और नौ महीने समाप्त होने पर वित्तीय परिणामों की घोषणा की। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, दिनेश पाटीदार ने कंपनी के परफॉरमेंस पर हर्ष जताते हुए कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी कंपनी ने प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेट प्राप्त किया है, जो हमारी मजबूत और मोटीवेटेड टीम की बदौलत हासिल हुआ है, जिसने कंपनी के विकास में अपना योगदान दिया है। कंपनी को मिले ऑर्डर्स के परफॉरमेंस और इफिशिएंसी के कारण स्ट्रोंग फाइनेंशियल परफॉरमेंस के कारण बेहतरीन वित्तीय प्रदर्शन किया है। जिसके परिणामस्वरूप मार्जिन में भी बढ़ोतरी हुई है। 31 दिसंबर 2024 तक, कंपनी के पास कुल 2070 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) के ऑर्डर थे, जिन्हें अगले एक साल में पूरा करना है। इस तिमाही में, कंपनी को महाराष्ट्र की मैगेल त्याला सौर कृषि पंप स्कीम के तहत 25,000 पंपों के लिए 754.3 करोड़ रुपये का बड़ा ऑर्डर मिला। इसके अलावा, हरियाणा रिन्यूएबल एनर्जी डिपार्टमेंट (एचएआरईडीए) से 3,174 पंपों के लिए 116.36 करोड़ रुपये का ऑर्डर भी प्राप्त हुआ। कंपनी ने केवल पीएम-कुसुम योजना पर निर्भर न रहकर अन्य योजनाओं से भी ऑर्डर लेना शुरू किया है। इस विविधता की वजह से, कंपनी को अपने भविष्य के विकास पर पूरा भरोसा है। सोलर रूफटॉप एक शानदार अवसर है, जिसे सरकार की पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना जैसी पहल से बढ़ावा मिल रहा है।

## परिवार को एक साथ रखने की कोशिश कर रही है पुष्पा



एजेंसी

**मुंबई।** सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल के हाल ही में एक भावनात्मक मोड़ आया और दर्शक हैरान रह गए, जब प्रार्थना अपने जीवन में एक दिल तोड़ने वाले हालात में पहुंच गई, जहां उसने अपनी जान लेने की कोशिश की। इसकी वजह यह थी कि उसके पिता बापोदरा नहीं चाहते थे कि वह अपने पति चिराग के पास वापस जाए। आगामी एपिसोड में दीप्ति के बॉस की पत्नी काव्या ईर्ष्या के कारण उसे नौकरी से निकाल देती है। इसका कारण यह है कि वह दीप्ति को लेकर असुरक्षित महसूस करती है। दूसरी ओर पुष्पा को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है और उसे अपना घर गिरवी रखना होगा क्योंकि उसके बेटे अश्विन का व्यवसाय घाटे में चला जाता है। हालाँकि, जिस व्यक्ति से उसने गिरवी रखने के लिए संपर्क किया, उसने उसे धोखा दिया और उसके घर को हड़पने की कोशिश की। बापोदरा इस अवसर का लाभ उठाता है और पुष्पा को अंतिम चेतावनी देता है कि या तो प्रार्थना को अमेरिका जाने के लिए मनाए या चार घंटे के भीतर चॉल खाली कर दे।

## ई-मेडिक्स स्मार्ट फामेर्सी ने रांची के बरियातू में खोला नया स्टोर

- हम भारत के विभिन्न हिस्सों में किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं




एजेंसी

**रांची।** बरियातू क्षेत्र में ई-मेडिक्स स्मार्ट फामेर्सी ने अपने नए स्टोर का शुभारंभ किया। ई-मेडिक्स, जो भारत में आधुनिक और डिजिटल फामेर्सी सेवाओं का विस्तार कर रही है, ने इस नए स्टोर के साथ झारखंड में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया है। स्टोर का उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार बैद्य के करकमलों द्वारा किया गया। इस नए स्टोर के फ्रेंचाइजी मालिक डॉ. प्रदीप हैं, जिन्होंने ई-मेडिक्स के साथ मिलकर इस पहल को आगे बढ़ाया है। इस उद्घाटन समारोह में स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी कई प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित रहीं, जिनमें डॉ. प्रदीप, डॉ. प्रमोद, रामाशीष सिंह, डॉ. प्रभात रंजन, डॉ. प्रवीण प्रसाद और डॉ. रिया शामिल थे। ई-मेडिक्स के सीओओ और डायरेक्टर दानिश अशरफ ने इस अवसर पर कहा कि हमारी कोशिश है कि हम भारत के विभिन्न हिस्सों में किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाएं। ई-मेडिक्स स्मार्ट फामेर्सी केवल एक दवा स्टोर नहीं, बल्कि एक संपूर्ण हेल्थकेयर समाधान है, जहां मरीजों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं, परामर्श सेवाएं और डिजिटल मेडिकल सुविधाएं मिलेंगी। यह स्टोर बरियातू के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा को और अधिक सुलभ बनाएगा। ई-मेडिक्स स्मार्ट फामेर्सी, जो 2015 में स्थापित हुई थी, आज बिहार, झारखंड और ओडिशा में अपनी तेजी से बढ़ती उपस्थिति के लिए जानी जाती है। यह कंपनी फ्रेंचाइजी मॉडल के तहत अपने विस्तार को गति दे रही है, जिससे अधिक से अधिक उद्यमी हेल्थकेयर व्यवसाय से जुड़ सकें।

### मारुति सुजुकी इंडिया को तीसरी तिमाही में 3,727 करोड़ रुपये का मुनाफा

**नई दिल्ली।** देश की दिग्गज कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमआईएस) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 16 फीसदी बढ़कर 3,727 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में 3,207 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 38,764 करोड़ रुपये हो गई।

## गैलेक्सी एस25 सैमसंग का सबसे बेहतरीन स्मार्टफोन : टीएम रोह

एजेंसी

**रांची।** सैमसंग कंपनी के अध्यक्ष और मोबाइल एक्सपीरियंस डिवीजन के हेड टीएम रोह ने कहा कि गैलेक्सी एस25 सैमसंग का अब तक का सबसे अच्छा तैयार प्रोडक्ट है। उन्होंने आगे कहा कि गैलेक्सी एस25 सबसे पतला और सबसे टिकाऊ स्मार्टफोन है, जो बेजोड़ कैमरा और बैटरी हार्डवेयर के साथ आता है। ये गैलेक्सी के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला कस्टमाइज्ड प्रोसेसर भी दिया गया। हमारी एस सीरीज के पहले से ही बेहतरीन कैमरे को गैलेक्सी एआई के साथ और भी बेहतर बनाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप एआई-संचालित इमेज क्वालिटी और इमेज एडिटिंग सुविधाएं मिलती हैं। भारतीय उपभोक्ता अनूठी सुविधाओं के प्रति काफी ज्यादा उत्सुक रहते हैं, और भारत में एआई फीचर्स का इस्तेमाल ग्लोबल औसत से अधिक है। यही कारण है कि गैलेक्सी एस25 में नए एआई फीचर्स को शुरू से ही हिंदी भाषा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकसित किया गया है। श्री रोह ने कहा कि गैलेक्सी एस25 में, गूगल जेमिनी लाइव कोरियाई, अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध कराया जाएगा। इसलिए हम गैलेक्सी एस25 जेमिनी लाइव के लिए इन तीन भाषाओं से शुरूआत कर रहे हैं, और फिर हम अन्य भाषाओं में भी इसका विस्तार करेंगे। इसलिए एक बार फिर, आप हमारे लिए भारतीय बाजार के महत्व को समझ सकते हैं। रोह ने कहा कि सैमसंग नॉक्स वॉल्ट के माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी और सुरक्षित और विश्वसनीय एआई उपयोग के लिए सर्वोत्तम सुरक्षा प्रदान करता है।



### डेंटा वाटर की स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री

**नई दिल्ली।** वाटर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट्स पर काम करने वाली कंपनी डेंटा वाटर की आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री हुई। कंपनी के शेयर 294 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई में इसकी लिस्टिंग 330 रुपये के स्तर पर और एनएसई में 325 रुपये के स्तर पर हुई। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 12 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिल गया। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 346.45 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 17.84 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है।

## राजधानी फूड्स ने भारतीय पाक परंपराओं का जश्न मनाने के लिए करण जौहर व अनन्या पांडे को जोड़ा

एजेंसी

**जमशेदपुर।** जब बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस जोड़ी रसोई में कदम रखती है, तो क्या होता है? जादू, बिल्कुल राजधानी फूड्स ने एक नई ऊर्जा पैदा की है, करण जौहर, जो कहानी कहने के बादशाह हैं, और अनन्या पांडे, जेन-जी की सेंसेशन, को अपने प्रतिष्ठित राजधानी बेसन को प्रमोट करने के लिए साथ लाकर। फैशन और लाइफस्टाइल में अपनी चमकदार पहचान के लिए पहचाने जाने वाले ये सितारे, इस बार एक आम भारतीय रसोई की कहानी को ताजगी भरे अंदाज में पेश कर रहे हैं। यह नया कैंपेन एक दृश्यात्मक आनंद है। एक व्यस्त फिल्म सेट पर शूट किया गया यह विज्ञापन करण जौहर को अनन्या पांडे को एक सीन डायरेक्ट करते हुए दिखाता है। सीन खत्म होते ही जौहर ब्रेक की घोषणा करते हैं, लेकिन एक खास डिमांड के साथः पकोड़े इस पर अनन्या, अपनी चिर-परिचित मजाकिया और रिलेटेबल शैली में पूछती हैं कि बारिश कहां है–जो कि पकोड़ों का असली मजा बढ़ाने के लिए जरूरी है। और फिर, सच्चे बॉलीवुड अंदाज में, जौहर सेट पर कृत्रिम बारिश कराते हैं। दोनों सितारे राजधानी बेसन से बने स्वादिष्ट पकोड़ों का आनंद लेते हैं। यह विज्ञापन नॉस्टेल्जिया, ह्यूमर और स्टार पावर का दिलचस्प मेल है, जो हर पीढ़ी के दर्शकों से जुड़ता है। 1966 से, राजधानी फूड्स गुणवत्ता, विश्वास और परंपरा का प्रतीक रहा है। एक साधारण बेसन पीसने के व्यवसाय के रूप में शुरू हुआ राजधानी फूड्स, आज एक प्रसिद्ध घरेलू ब्रांड बन चुका है। इसमें बेसन से लेकर सत्तू, मखाना, साबूदाना, मूंगफली और फाइबर-युक्त नाश्ते के उत्पादों तक का एक व्यापक संग्रह शामिल है।



## एलआईसी म्यूचुअल फंड ने पेश किया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड




एजेंसी

**मुंबई।** भारत के सबसे प्रतिष्ठित फंड हाउसों में से एक एलआईसी म्यूचुअल फंड एलआईसी एमएफ मल्टी एसेट एलोकेशन फंड पेश कर रहा है। यह एक ओपन-एंडेड योजना है, जो इक्विटी, डेट और सोने में निवेश करेगी। इसका नया फंड ऑफर (एनएफओ) 24 जनवरी 2025 को खुलेगा और 07 फरवरी 2025 को बंद होगा। योजना का निवेश उद्देश्य इक्विटी और इक्विटी से संबंधित साधनों, डेट और मनी मार्केट के साधनों तथा सोने के एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) की यूनिट में निवेश कर पूंजी में दीर्घकालिक वृद्धि करना है। योजना का बेंचमार्क निफ्टी 500 टीआरआई का 65 फीसदी, निफ्टी कंपोजिट डेट इंडेक्स का 25 फीसदी और घरेलू सोने की कीमत का 10 फीसदी होगा। इस योजना के फंड मैनेजर निखिल रुंगटा, सुमित भटनागर और प्रतीक श्रॉफ होंगे। योजना 18 फरवरी 2025 को लगातार बिक्री और फिर से खरीद के लिए दोबारा खुलेगी। एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर. के. झा ने एनएफओ के बारे में कहा, मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड आजकल बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं क्योंकि ये एक ही जगह पर निवेश के जोखिम को कम करते हैं और परिसंपत्तियों का बेहतर डायवर्सिफिकेशन सुनिश्चित करते हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, 2024 में हाइब्रिड म्यूचुअल फंडों द्वारा प्रबंधित परिसंपत्ति (एयूएम) में 27 फीसदी की वृद्धि हुई। यह एयूएम जनवरी 2024 में 6.90 लाख करोड़ रुपये था और बढ़कर डिसेंबर 2024 में 8.77 लाख करोड़ रुपये हो गया। ध्यान देने वाली बात यह है कि हाइब्रिड श्रेणी में मल्टी-एसेट एलोकेशन फंडों के एयूएम में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। यह साफ-साफ निवेशकों की हाइब्रिड फंडों के प्रति झुकाव को दिखाता है। हमारा नया फंड उनकी दिलचस्पियों के हिसाब से आदर्श है।

## स्कोडा काइलैक अधिकारिक तौर पर भारत में लॉन्च और डिलीवरी भी शुरू

एजेंसी

**रांची।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी पहली सब-4-मीटर एसयूवी, काइलैक को भारत में आधिकारिक रूप से लॉन्च कर दिया है। यह लॉन्च कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और तेजी से बढ़ते भारतीय एसयूवी बाजार में स्कोडा के लिए नए रास्ते खोलता है। यह गाड़ी भारत में स्कोडा के नए मॉडर्न सॉलिड डिजाइन लैंग्वेज का उदाहरण है, जिसमें मजबूती, कार्यक्षमता और प्रामाणिकता को प्राथमिकता दी गई है। ग्राहकों के लिए गाड़ी की टेस्ट ड्राइव और डिलीवरी आज से शुरू हो चुकी है। कंपनी डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कहा कि यह एसयूवी भारतीय बाजार में स्कोडा के विकास को नई दिशा देने के लिए पूरी तरह तैयार है। काइलैक की उपलब्धता स्कोडा ऑटो इंडिया के लिए एक नए युग की शुरूआत का संकेत है। उन्होंने बताया कि यह गाड़ी सुरक्षा, बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव और अपने सेगमेंट के सबसे उन्नत फीचर्स का अद्भुत संयोजन है जो किफायती कीमत और उन्नत यूरोपीय तकनीक इसे भारतीय सड़कों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनाती है। काइलैक की लोकप्रियता इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक अहम भूमिका निभाएगी।



## खास खबर

### एलार्डिस ने आईसीसी सीईओ पद छोड़ा

**दुबई।** ज्यॉफ एलार्डिस ने आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पद से इस्तीफा दे दिया है। एलार्डिस ने कहा है कि वह जीवन में कुछ नया करना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने से पद छोड़ा है। एलार्डिस को साल 2020 में मनु साहनी को पद से हटाए जाने के बाद सीईओ बनाया गया था। इस दौरान वह आठ महीने तक इस पद पर अंतरिम तौर पर इस पद पर रहे। इसके बाद नवंबर 2021 में उन्हें स्थायी रुप से इस पद पर नियुक्त किया गया था। वह साल 2012 से ही आईसीसी के साथ हैं। आईसीसी में वह शुरूआती दिनों में जनरल मैनेजर के पद पर रहे थे। एलार्डिस ने कहा, आईसीसी के सीईओ पद पर कार्यरत रहना मेरे लिए गर्व की बात थी। इस दौरान हमने जो भी लक्ष्य हासिल किए उस पर मुझे गर्व है, चाहे वह क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर ले जाना हो या आईसीसी सदस्यों को वित्तीय लाभ पहुंचाना हो। मैं आईसीसी के अध्यक्ष, बोर्ड के तमाम सदस्यों और पूरे क्रिकेट समूह का पिछले 13 वर्षों में मुझे दिए समर्थन करने के लिए आभारी हूं। मुझे विश्वास है कि आने वाला समय क्रिकेट के लिए उत्सुकता भरा समय होगा और मैं इसके लिए वैश्विक क्रिकेट समूह को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। वहीं आईसीसी प्रमुख जय शाह कहा, मैं आईसीसी बोर्ड की ओर से एलार्डिस का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करता हूं। क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर ले जाने में उन्होंने काफी मेहनत की है। हम उनकी सेवा पाकर खुश हैं और हम उनके भविष्य के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हैं।

### हैरी की सोशल मीडिया पर उड़ी खिल्ली

**राजकोट।** इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक तीसरे टी20 में स्पिनर रवि बिश्नोई का शिकार बने जिसके बाद से ही वह सोशल मीडिया में मजाक का केन्द्र बन गये। इसका कारण है कि हैरी ने भारत आते ही धुंध से हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए कहा था कि इससे उन्हें स्पिनरों को खेलने में समस्या आ रही थी। पहले ओर दूसरे टी20 को लेकर उनका ये बहाना चल गया पर जब तीसरे मैच में भी वह बिश्नोई का शिकार बने तो उनपर मजाकिय मीम्स बनने लगे। ब्रूक जब से भारत आए हैं, भारतीय स्पिनरों ने उन्हें लगातार परेशान किया है। पहले दो टी20 में वह जहां वरुण चक्रवर्ती की गेंदों पर वह आउट हुए जिबकि तीसरे टी20 में वह बिश्नोई का शिकार बने। बूक टी20 अंतरराष्ट्रीय में अब तक 40 गेंदें खेलकर 7 बार स्पिनरों का शिकार बने हैं। यह किसी भी इंग्लैंड के बल्लेबाज का सबसे खराब रिकार्ड है। ब्रूक उस सीरीज में 17, 13 और 8 रन ही बना पाए थी। जबकि स्पिनरों की 11 गेंदों पर तीन बार विकेट खोया है। ब्रूक ने जब शुरूआत में धुंध की बात की थी तो पूर्व भारतयी स्पिनर आर अश्विन ने उनकी कड़ी आलोचना करते हुए कहा था कि आप लेग स्टंप की ओर बढ़े और गेंद को पढ़ नहीं सके, इसलिए आप बोल्ड हो गए। वहीं दूसरी बार गुगली को नहीं पढ़ सके, आप फिर से बोल्ड हो गए।

### नेमार और अल-हिलाल क्लब के बीच करार टूटा

**रियो दि जिनेरियो ।** ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार का सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल से करार टूट गया है। क्लब का कहना है कि स्ट्राइकर नेमार के साथ ये करार आपसी सहमति से समाप्त किया गया है। विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले नेमार ने क्लब की ओर से केवल सात मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने केवल एक गोल किया। पैर की चोट के कारण अक्टूबर 2023 से खेल से बाहर रहने के बाद नेमार को पिछले सत्र में सऊदी लीग जीतने वाली टीम में शामिल किया गया था। इस साल के फीफा क्लब विश्व कप में अल-हिलाल के हिस्सा लेने के बाद नेमार के साथ उनका करार समाप्त होने वाला था। क्लब विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई के बीच अमेरिका में खेला जाएगा। क्लब ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि वह नेमार के प्रति आभार व्यक्त करता है और उनकी प्रशंसा करता है।

# आदिल राशिद बने नंबर 1 गेंदबाज, तिलक वर्मा बल्लेबाजी सूची में दूसरे स्थान पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के अनुभवी लेग स्पिनर आदिल राशिद ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी पुरुष टी20आई गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

36 वर्षीय राशिद इससे पहले 2023 के अंत में नंबर 1 बने थे, लेकिन कुछ समय बाद वेस्टइंडीज के अकील होसेन ने उनकी जगह ले ली थी। हालांकि, भारत के खिलाफ हालिया श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी करते हुए उन्होंने फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। राजकोट में तीसरे टी20 मैच में 1/15 के प्रदर्शन के साथ, इंग्लैंड की 26 रन की जीत में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। राशिद ने तीन मैचों में कुल तीन विकेट झटके हैं। भारत के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने राजकोट में पांच विकेट लेकर 25 स्थानों की छलांग लगाते हुए पांचवां स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, भारतीय उपकप्तान अक्षर पटेल भी पांच स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जिससे वह टॉप-10 में प्रवेश करने के करीब हैं। टी20आई बल्लेबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड को भारत के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा से कड़ी टक्कर मिल रही है। तिलक ने इंग्लैंड के खिलाफ 19, 72 और 18 रन की पारियां खेलते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। हेड अभी 23 अंकों की बढ़त बनाए हुए हैं, लेकिन अगर तिलक शानदार प्रदर्शन जारी रखते हैं, तो वह जल्द ही नंबर 1 बन सकते हैं। ऐसा करने पर वह टी20आई में नंबर 1 बल्लेबाज बनने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएंगे।

आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में पाकिस्तान के अनुभवी स्पिनर नोमान अली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 10 विकेट लेकर पांचवां स्थान हासिल कर लिया। वहीं, वेस्टइंडीज के जोमेल वारिकन टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थानों की छलांग लगाई है और 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 147 रन बनाकर सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में समाप्त किया।


आईसीसी टी-20 रैंकिंग

## बल्लेबाज क्रम में बदलाव से भारतीय टीम को हुआ नुकसान

एजेंसी

**राजकोट ।** भारतीय टीम की इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में मिली हार का कारण जरुरत से ज्यादा प्रयोग को बताया गया है। वहीं इस मैच में जीत से इंग्लैंड की टीम की सीरीज में वापसी हुई है। भारतीय टीम ने पहले दोनो ही मैच जीते थे। इस मैच में तिलक वर्मा का बल्लेबाजी क्रम बदल दिया गया जबकि पिछले मैच में उन्होंने अर्धशतक लगाकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। तीसरे मैच के लिए बल्लेबाजी क्रम में कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी काफी बदलाव किया है। कप्तान सूर्यकुमार इस मैच में तिलक की जगह पर तीसरे नंबर पर आये और रन बनाने में विफल रहे। वहीं बल्लेबाज ध्रुव जुरेल 8वें नंबर पर उतरे। इस मैच में वॉशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे ऑलराउंडर को उनसे पहले भेज दिया गया।



वॉशिंगटन सुंदर गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी भी करते हैं पर तेजी से रन नहीं बना पाते। ऐसे में उनको जुरेल से पहले भेजना नुकसानदेह रहा। सुंदर 15 गेंद पर केवल 6 रन बना पाए। जब पर क्रीज पर उतरे तो भारत का रन रेट 8 से ऊपर था जबकि उनके आउट होते समय रन रेट 7 का आ गया। वहीं जब जुरेल क्रीज पर उतरे तो भारतीय टीम को 16 गेंद पर 49 रनों की जरुरत थी। शिवम दुबे ओर रमनदीप सिंह को अवसर नहीं मिला।

## एयर राइफल क्वालीफिकेशन में रमिता जिंदल का शानदार प्रदर्शन

एजेंसी

**देहरादून।** त्रिशूल शूटिंग रेंज में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता में हरियाणा की रमिता जिंदल ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 634.9 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया, जो कि कोरिया की बान ह्योजिन के पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में बनाए गए 634.5 के स्कोर से बेहतर रहा इसके साथ ही उन्होंने 2023 विश्व चैंपियनशिप के दौरान मेहुली घोष द्वारा बनाए गए 634.5 के स्कोर को भी पीछे छोड़ दिया। रमिता जिंदल ने महिलाओं के एयर राइफल फाइनल के लिए आठ क्वालीफायर का नेतृत्व किया। उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें महाराष्ट्र की आर्या बोरसे पर 0.4 अंकों की बढ़त दिलाई। वहीं, तमिलनाडु की नर्मदा राजू 0.1 अंकों के अंतर से तीसरे स्थान पर रहीं। केरल की विदरसा के विनोद, जो एक समय पर स्कोर चार्ट में सबसे आगे थीं, 633.0 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं।अन्य क्वालीफायर में मध्य प्रदेश की श्रेया अग्रवाल (632.0), गुजरात की एलावेनिल वलारिवन (631.9), कर्नाटक की मेघना सज्जनार (631.2) और ओडिशा की मान्याता सिंह (630.1) शामिल हैं। ये आठों फाइनलिस्ट गुरुवार को खिताबी मुकाबले में हिस्सा लेंगी, जहां हर निशानेबाज की हिम्मत और कौशल की कड़ी परीक्षा होगी। पंजाब के विजयवीर सिंह सिद्धू ने रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में 587 का शानदार स्कोर बनाकर अपनी दावेदारी मजबूत की। हरियाणा के अनीश भानवाला ने 582, सर्विसेज के नीरज कुमार ने 579, राजस्थान के भावेश शेखावत ने 577, सर्विसेज के ओमकार सिंह और गुरप्रीत सिंह ने 574-574 का स्कोर कर फाइनलिस्टों की सूची में जगह बनाई।


राष्ट्रीय खेल

## आज से रणजी ट्रॉफी में उतरेंगे विराट

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली गुरुवार से होने वाले रणजी ट्रॉफी मुकाबले में दिल्ली की ओर से उतरेंगे। विराट एक दशक से अधिक समय के बाद घरेलू क्रिकेट खेलने उतरेंगे। ये मुकाबला यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में रेलवे से होगा। दिल्ली की टीम का प्रदर्शन अब तक अच्छा नहीं रहा है और वह नॉकआउट से बाहर हो गयी है। अभी तक टीम को 6 मैचों में केवल एक बार ही जीत मिली है पर ये मैच इसलिए चचाओं में है क्योंकि इसमें विराट एक ऐसे खिलाड़ी की कप्तानी में खेल रहे हैं जिसने अब तक एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। इस मैच में दिल्ली की टीम युवा बल्लेबाज आयुष बडोनी की कप्तानी में मैदान पर उतर रही है। बडोनी ने अब तक घरेलू क्रिकेट के अलावा आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेला है। डीडीसीए ने इस मैच में विराट से कप्तानी संभालने को कहा पर उन्होंने इंकार कर दिया था। इसी वजह से बडोनी के पास ही कप्तानी रहेगी। बडोनी का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड रहा है। अभी तक उन्होंने 13 प्रथम श्रेणी मैच खेलकर 53.55 की औसत से 964 रन बनाये हैं। इस दौरान उन्होंने 3 शतक और दो अर्धशतक लगाये हैं।



## रांची की लगातार तीसरी जीत




पंच संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में खेले जा रहे जे एस सी ए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 एलीट ग्रुप के आज अपने तीसरे मुकाबले में हजारीबाग को 23 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने विशाल पाण्डेय के शानदार शतक की बदौलत 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 303 रन बनाए। विशाल पाण्डेय ने 110 यश ने 57 अनमोल राज ने 42 रन बनाए अश्वनी ने 3 और राहुल ने 2 विकेट प्राप्त किए। जवाब में हजारीबाग ने 49.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 280 रन ही बना पाई। प्रभात कुमार ने शानदार 129 रन की पारी खेली वही कुमार आर्यन ने भी 103 रन बनाए। रांची के लिए विवेक और अनमोल राज नए 4-4 विकेट लिए अनमोल राज को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### वरुण के नाम जुड़ा एक अनचाहा रिकार्ड

**राजकोट।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में कुल 5 विकेट लिए पर इसके बाद भी टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही वरुण के नाम एक ऐसा रिकार्ड रिकार्ड जुड़ गया है जो कोई भी गेंदबाज नहीं चाहेगा। वरुण विश्व के एकमात्र ऐसे गेंदबाज बन गए हैं जिन्होंने 2 बार पांच विकेट लिए और दोनो ही बार भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले वरुण ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 10 नवंबर 2024 को दूसरे टी20 में 5 विकेट अपने नाम किए थे। तब भी भारतीय टीम हार गयी थी। ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी गेंदबाज ने टी20 इंटरनेशनल में 2 मैच में 5-5 विकेट लिए और फिर भी उसकी टीम हार गई हो। .

## जेरी होलनेस बने भारतीय महिला 400 मीटर टीम के मुख्य कोच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध जमैका एथलेटिक्स कोच जेरी ली होलनेस को भारतीय महिला 400 मीटर टीम का नया कोच नियुक्त किया गया है। ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के कई पदक विजेताओं को प्रशिक्षित कर चुके होलनेस ने भारतीय एथलेटिक्स सेट-अप में शामिल होकर कार्यभार संभाल लिया है।

सोमवार को होलनेस केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय (एलएनसीपीई) में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में शामिल हुए। उनका कार्यकाल प्रारंभ में 2026 तक होगा और उनके प्रदर्शन मूल्यांकन के बाद इसे बढ़ाने पर विचार किया जाएगा।

65 वर्षीय अनुभवी कोच भारतीय महिला धावकों हिमा दास, सुभा वेंकटेशन, रूपल, किरण पहल और विथ्या रामराज को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने स्टाशुक वैलेरी की जगह ली है, जो पेरिस ओलंपिक तक इस पद पर थे।

होलनेस की नियुक्ति भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है। उनकी नियुक्ति से कुछ दिन पहले ही रूसी दिग्गज सर्गेई मकरोव अलेक्जेंड्रोविच को भाला फेंक कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। हालांकि, भारत के स्टार एथलीट और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा मुख्य रूप से अपने कोच जान जेलेजनी के मार्गदर्शन में ही प्रशिक्षण लेंगे। होलनेस ने अपने करियर में कई शीर्ष धावकों को कोचिंग दी है, जिनमें ओलंपिक चैंपियन एलेन थॉम्पसन और नेस्टा कार्टर शामिल हैं। थॉम्पसन ने 2016 और 2020 ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीते थे, जबकि कार्टर 2012 ओलंपिक में 4७100 मीटर रिले स्वर्ण विजेता टीम का हिस्सा थे, जिसमें दिग्गज धावक उसैन बोल्ट भी शामिल थे।होलनेस जमैका के मैंडविले स्थित प्रसिद्ध मैनचेस्टर हाई स्कूल में ट्रैक और फील्ड के मुख्य कोच के रूप में भी काम कर चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात और केमैन द्वीप समूह में भी कोचिंग की है।

भारतीय एथलेटिक्स संघ (एएफआई) को उम्मीद है कि होलनेस की विशेषज्ञता से भारतीय महिला धावकों के प्रदर्शन में सुधार होगा और वे आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करेंगी।




## स्मिथ टेस्ट में 10,000 रन बनाने वाले क्लब में शामिल

एजेंसी

**गाले ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान स्टीव स्मिथ ने श्रीलंका के खिलाफ मैच में अपनी टेस्ट क्रिकेट में अपने 10,000 रन पूरे कर लेंगे। स्मिथ ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 86 रनों की पारी के दौरान ही ये उपलब्धि हासिल की। स्मिथ ने इस मैच में जैसे ही एक रन बनाया वह दस हजार रन बनाने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गये।

इससे पहले तक स्मिथ ने 114 टेस्ट मैचों में 55.86 की औसत से 9999 रन बनाए हैं। इसमें 34 शतक शामिल हैं। उनके पास इस साल की शुरूआत में भी 10 हजार रन पूरा करने का मौका था, लेकिन तब भारत के खिलाफ मैच में वह प्रसिद्ध कृष्णा का शिकार बन गये थे। भारत के खिलाफ सिडनी टेस्ट मैच की दूसरी पारी में जब स्मिथ बल्लेबाजी करने उतरे तो उनके नाम 9995 रन दर्ज थे। उन्हें 10 हजार रन पूरा करने के लिए 5 रन चाहिए थे पर जब स्मिथ का स्कोर 4 था, तभी कृष्णा ने उन्हें कैच आउट करा दिया।

टेस्ट क्रिकेट में अब तक 14 बल्लेबाजों ने 10 हजार या इससे ज्यादा रन बनाये हैं। इस सूची में सचिन तेंदुलकर 15,921 रन के साथ पहले नंबर पर है। उनके बाद रिकी पोंटिंग, जैक कैलिस, राहुल द्रविड़ और जो रूट हैं। सक्रिय क्रिकेटरों में सबसे अधिक 12972 रन इंग्लैंड के रूट के नाम हैं। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे पहले 10 हजार रन बनाये थे। उन्होंने यह रिकॉर्ड 1987 में बनाया था। गावस्कर के बाद यह आंकड़ा ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर ने हासिल किया था।




## हरियाणा के खिलाफ मैच में खेलते नजर आयेंगे राहुल

एजेंसी

**बेंगलुरू ।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी विकेट बल्लेबाज लोकेश राहुल अब 30 जनवरी से कर्नाटक की ओर से रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए नजर आयेंगे। राहुल को कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के अपने अंतिम लीग मैच के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। ये मैच हरियाणा से होगा। राहुल ऑस्ट्रेलिया दौरे में लगी कोहनी की चोट से उबर गये हैं और उन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने भी इस मैच में खेलने की अनुमति दे दी है। राहुल ने अंतिम बार साल 2020 में कोलकाता में बंगाल के खिलाफ खेलने रणजी ट्रॉफी मैच खेला था। राहुल पंजाब के खिलाफ पिछले मैच में शामिल नहीं थे। इस मैच को कर्नाटक ने एक पारी और 207 रन से जीता था। कर्नाटक की टीम की कप्तानी सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल कर रहे हैं। टीम मे तेज गेंदबाज के तौरपर विद्वथ कावेरप्पा को शामिल किया गया है। कावेरप्पा चोट के कारण मौजूदा घरेलू सत्र के बड़े हिस्से से बाहर रहे थे। कर्नाटक ग्रुप सी में 19 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि हरियाणा 26 और केरल 21 अंक लेकर पहले दो स्थान पर हैं।



## डब्ल्यूसीएल लीग में गेम चेंजर्स की कप्तानी करेंगे डिविलियर्स

एजेंसी

**जोहांसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीक के स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स अब एक बार फिर मैदान पर चौके , छक्के लगाते हुए दिखेंगे। डिविलियर्स ने हाल ही में खेल में वापसी की बात कही थी। इसी के तहत ही अब वह पूर्व क्रिकेटरा की वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) लीग के दूसरे संस्करण में खेलते हुए दिखेंगे। इसमें डिविलियर्स गेम चेंजर्स दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस की कप्तानी करेंगे। इस लीग में वही क्रिकेटर खेल सकते हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया हो। दिग्गजों क्रिकेटरों वाली इस प्रीमियर टी20 टूनार्मेंट से दुनिया भर के प्रशंसकों की यादें फिर ताजा हो जाएंगी। अपनी वापसी को लेकर डिविलियर्स ने कहा, चार साल पहले मैंने सभी क्रिकेट प्रारूप से संन्यास ले लिया था क्योंकि मुझे अब और खेलने की इच्छा नहीं थी। खैर, समय बीत गया है और मेरे बच्चे खेलने लगे हैं। हम बगीचे में अधिक से अधिक खेल रहे हैं जिसमें भी आनंद आ रहा है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं एक बार फिर जिम और नेट्स पर वापस जा रहा हूं और मैं जुलाई में डब्ल्यूसीएल लीग के लिए तैयार हो जाऊंगा। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले डिविलियर्स की वापसी से क्रिकेट जगत में भी खुशी का माहौल है। गेम चेंजर्स टीम के पहले सत्र में जैक्स कैलिस, हर्शल गिब्स, डेल स्टेन और इमरान ताहिर जैसे दिग्गज शामिल थे, अब डिविलियर्स की कप्तानी में टीम और भी बेहतर बनकर उभरेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीकी चैम्पियंस के सह-मालिक और गेम चेंजर्स के संस्थापक अमनदीप सिंह ने उत्साहित होकर कहा, हम वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में प्रतिस्पर्धा करने और अपने महान क्रिकेटरों की अविश्वसनीय प्रतिभा को प्रदर्शित करने को लेकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमारे कप्तान के रूप में एबी डिविलियर्स की वापसी हमारी टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और उनका नेतृत्व हमें शीर्ष पर ले जाएगा। वहीं दक्षिण अफ्रीका चैम्पियंस के सह-मालिक हैरी सिंह ने कहा, डिविलियर्स केवल एक खिलाड़ी नहीं हैं; वे एक आइकन हैं जिन्होंने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है। हमारी टीम का नेतृत्व करने का उनका फैसला खेल के प्रति उनके प्यार को दिखाता है और हम उन्हें टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। यह टीम और लीग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। लीजेंड्स लीग के संस्थापक और सीईओ हर्षित तोमर ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, यही कारण है कि हमने इस लीग की शुरूआत की ताकि उन दिग्गजों को वापस लाये जा सके जिन्हें लोग देखना चाहते हैं।






लंदन में चैम्पियंस लीग फुटबॉल के लिए प्रशिक्षण सत्र में पहुंचे आर्सेनल के मिकेल मैरिनो, डिकेलन राइस, व मार्टिन ओलीगार्ड और मैनेजर मिकेल आर्टीला।

खास खबर

### फिर क्रैश हुआ एफ-35 फाइटर जेट

वॉशिंगटन। दुनिया की सबसे ताकतवर अमेरिकी वायुसेना का सबसे एडवांस्ड फाइटर जेट एफ-35 अलास्का में क्रैश हो गया। यह सिंगल सीट वाला एफ-35 फाइटर जेट था। लेकिन इस हादसे में पायलट की जान बच गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक 354वें फाइटर विंग के कमांडर कर्नल पॉल टाउनसेंड ने बताया कि पायलट को उड़ान के दौरान जेट में तकनीक खराबी का सामना करना पड़ा, लेकिन वह सुरक्षित तरीके से जेट से बाहर निकल आए। इसके बाद क्रैश ईल्सन एयर फोर्स बेस पर लैंडिंग के दौरान हुआ। उड़ान के दौरान पायलट ने इमरजेंसी की घोषणा की थी। दुर्घटना के बाद पायलट को स्थिर स्थिति में पाया। वायुसेना के बयान के मुताबिक मंगलवार दोपहर को यह दुर्घटना हुई, जिसमें विमान पूरी तरह तबाह हो गया। वायुसेना इस घटना की बारीकी से जांच करेगी। ईल्सन एयरबेस को 2016 में 54 एफ-35 की मेजबानी के लिए चुना था, जिसके कारण इसका विस्तार हुआ।

### महिला को लगाई सूअर की किडनी

न्यूयॉर्क। अमेरिका के अलाबामा राज्य की टुवाना लूनी (53) को सूअर की किडनी लगाई गई थी वह उसके साथ स्वस्थ और शानदार जिंदगी गुजार रही हैं और वह इस प्रकार की ट्रांसप्लांट से सबसे लंबे समय तक जीने वाली महिला बन गई हैं। नवंबर 2024 में किए गए किडनी ट्रांसप्लांट के बाद से लूनी 61 दिनों से ज्यादा समय तक इस किडनी के साथ जिंदा हैं और वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं। 1999 में टुवाना लूनी ने अपनी मां को एक किडनी दान की दी थी, लेकिन इसके बाद उनकी दूसरी किडनी प्रेगनेंसी के समय हाई ब्लड प्रेशर के कारण खराब हो गई थी। 2016 तक उनकी किडनी पूरी तरह से काम करना बंद कर चुकी थी। आठ साल तक डायलिसिस पर रहने के बाद उनका शरीर इंसानी किडनी को स्वीकार नहीं कर पाया। इस स्थिति में उन्होंने सूअर की किडनी ट्रांसप्लांट कराने का फैसला लिया। टुवाना की किडनी वर्जीनिया स्थित बायोटेक कंपनी द्वारा तैयार की गई थी। इस किडनी में 10 जेनेटिक बदलाव किए थे ताकि यह मानव शरीर में सही तरीके से काम कर सके।

### महाकुंभ पहुंचे कबीर खान

मुंबई। फिल्म मेकर और डायरेक्टर कबीर खान प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे हैं। मुस्लिम धर्म से ताल्लुक रखने के बावजूद उन्होंने संगम में स्नान करने का फैसला लिया है। अपने फैसले पर कबीर खान ने कहा है कि महाकुंभ में डुबकी लगाने का ताल्लुक भारतीय संस्कृति से है। कबीर ने कहा कि मैं बहुत एक्साइटेड हूं। ऐसा 12 साल में एक बार होता है। मैं यहां आकर खुद को भाग्यशाली महसूस करता हूं। मैं यहां पवित्र संगम में डुबकी भी लगाऊंगा। ये बातें हिंदू और मुसलमानों के बारे में नहीं हैं ये बातें हमारे मूल, हमारा देश और हमारी सभ्यता के बारे में हैं। इसमें कोई हिंदू या मुस्लिम नहीं है अगर आप मानते हैं कि आप भारतीय हैं तब आपको सब कुछ महसूस करना चाहिए। बता दें कि अब तक फिल्मी जगत की कई हस्तियों ने महाकुंभ में स्नान कर लिया है। लिस्ट में अनुपम खेर, मिलिंद सोमन, कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा, कॉमेडियन सुनील ग्रोवर, अरुण गोविल, हेमा मालिनी भी शामिल हैं।

# अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी सिंडिकेट का पदार्फाश, 6 गिरफ्तार

एजेंसी



पुणे। पुणे से सटे पिंपरी चिंचवड़ में बीते कुछ महीनों के दौरान साइबर अपराध बढ़ गया है। पुलिस उन लोगों की तलाश में थी जिन्होंने कई लोगों को ठगा था। इसी तरह, पिंपरी चिंचवड़ शहर पुलिस आयुक्तालय की साइबर पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी सिंडिकेट के एक प्रमुख व्यक्ति और उसके अन्य पांच साथियों को गिरफ्तार किया है। ये लोग विभिन्न वेबसाइटें, साथ ही व्हाट्सएप और टेलीग्राम द्वारा लोगों को शेयर बाजार में निवेश करने पर भारी रिटर्न का झांसा देते थे और निवेशकों से लाखों रुपए की ठगी कर रहे थे। इसके अलावा, आरोपी देश में विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर बनाए गए बैंक खातों, बैंक पासबुक, चेकबुक और एटीएम का उपयोग करके निवेशकों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी कर रहे थे। पुलिस जांच में पता चला है कि यह गिरोह कंबोडिया से कई भारतीयों से करोड़ों रुपए की ठगी कर रहा है। देश में मुख्य आरोपी सैम उर्फ ??डेविड उर्फ ??कुमार श्रीपति नायक (22, निवासी राउलकिला जिला, ओडिशा) और उसके पांच अन्य साथियों को पिंपरी-चिंचवड़ साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इससे कई अपराधों के सुलझने की संभावना है।

**देशभर में गिरोह के खिलाफ 102 शिकायतें**

कंबोडिया में बैठा इस गिरोह का मुख्य सरगना अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस जांच में पता चला है कि पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए आरोपी के पास मिले बैंक खातों के संबंध में देशभर में करीब 102 शिकायतें दर्ज की गई हैं।

## भगदड़ के बाद सीएम योगी ने की श्रद्धालुओं से संगम नोज न जाने की अपील

एजेंसी



प्रयागराज। महाकुंभ में मौनी अमावस्या की मंगलवार देर रात संगम नोज पर भगदड़ मचने से कम से कम कई लोगों की मौत होने की आशंका जताई जा रही है और इस भगदड़ में दर्जनों घायल हुए हैं। भगदड़ मचने के बाद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं से संगम नोज न जाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वह वहां जाने की कोशिश ना करें और जिस घाट पर हैं, वहीं स्नान करें। महाकुंभ मेला धार्मिक अनुष्ठान है। इस दौरान संगम के एक बड़े हिस्से को अखाड़ों के लिए रिजर्व किया गया था। लकड़ी की बल्लियों से नागा साधुओं के लिए संगम घाट पहुंचने के लिए रास्ते बनाए गए थे। संगम नोज वह जगह है, जहां गंगा और यमुना नदी का मिलन होता है। यही वजह है कि यहां श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा भीड़ होती है। यहां दोनों नदियों का पानी अलग-अलग रंग में दिखाई देता है। यमुना का पानी जहां हल्का नीला होता है, वहीं गंगा का पानी मटमैला दिखाई देता है। यहां आकर यमुना नदी खत्म हो जाती है और गंगा में मिल जाती है। महाकुंभ में इस क्षेत्र को संगम घाट के तौर पर चिह्नित किया गया है।

## सीबीआई ने 1.76 करोड़ की हेराफेरी में आईटीबीपी के आठ अधिकारियों व चार ठेकेदारों के खिलाफ किया केस दर्ज

एजेंसी




देहरादून। सीबीआई देहरादून ने एक करोड़ 76 लाख रुपये के घोटाले के मामले में पिथौरागढ़ जिले के मिर्थी में स्थित सातवीं बटालियन भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के आठ अधिकारियों और चार ठेकेदारों के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। सीबीआई ने अपनी प्राथमिक जांच में पाया कि रसद, केरोसिन और अन्य सामानों की ढुलाई भाड़े में हेराफेरी की गई है। सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक दोनों मुकदमे भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल मिर्थी बटालियन के कमांडेंट परमेंद्र सिंह की शिकायत पर दर्ज किए गए हैं। पहला मुकदमा वर्ष 2017 से 2019 के बीच मिर्थी में बल में तैनात रह चुके कमांडेंट महेंद्र प्रताप, डिप्टी कमांडेंट दीपक गोगोई, डिप्टी कमांडेंट मुकेश चंद मीणा, ठेकेदार मदन सिंह राणा, पूरन सिंह और कुंदन सिंह भंडारी के खिलाफ दर्ज हुआ है। आरोप है कि कमांडेंट महेंद्र प्रताप व अन्य अधिकारियों ने इन ठेकेदारों के साथ मिलकर केरोसिन की अलग–अलग बॉर्डर पोस्ट तक पहुंचाने में करीब 22 लाख 7 हजार रुपये का घोटाला किया। मामले में आरोपित ठेकेदार मदन सिंह राणा, पूरन सिंह और कुंदर सिंह भंडारी पिथौरागढ़ निवासी हैं। वहीं तत्कालीन कमांडेंट महेंद्र प्रताप वर्तमान में आईटीबीपी मध्य प्रदेश, तत्कालीन डिप्टी कमांडेंट दीपक गोगोई, हरियाणा और तत्कालीन डिप्टी कमांडेंट मुकेश चंद्र मीणा आईटीबीपी गुवाहाटी में तैनात हैं। इसके अलावा सीबीआई ने दूसरा मुकदमा वर्ष 2020 से 2021 के बीच मिर्थी में कमांडेंट रहे अनुप्रीत बोरकर, डिप्टी कमांडेंट दीपक गोगोई, डिप्टी कमांडेंट पूरन राम, डिप्टी कमांडेंट मुकेश चंद मीणा और इंस्पेक्टर अनिल कुमार के खिलाफ दर्ज किया गया है।

### रेलवे स्टेशन की छत गिरी, 15 की मौत

बेलग्रेड। सर्बिया के लोकप्रिय प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक ने इस्तीफा दे दिया। इसकी वजह ये है कि एक रेलवे स्टेशन पर कंक्रीट की छत गिरने से हुई 15 लोगों की मौत के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। यह कदम उन्होंने राजनीतिक तनाव को कम करने और हफ्तों से चल रहे बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के दबाव को शांत करने के लिए उठाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नवंबर में नोवी सैड शहर के एक रेलवे स्टेशन पर छत गिरने की घटना ने सर्बिया के लोकप्रिय राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुचिच के बढ़ते तानाशाही शासन के खिलाफ व्यापक असंतोष को उजागर किया है। वुचिच पर सर्बिया में लोकतांत्रिक स्वतंत्रताओं को सीमित करने के आरोप लगे हैं, जबकि वे औपचारिक रूप से यूरोपीय संघ की सदस्यता की मांग कर रहे हैं।

## गायत्री फूड प्रोडक्ट लिमिटेड की फैक्ट्री सहित कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

एजेंसी



सीहोर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को सीहोर में गायत्री फूड प्रोडक्ट लिमिटेड की फैक्ट्री सहित कई ठिकानों पर छापा मारा। यह कार्रवाई फैक्ट्री के मालिक किशन मोदी और उनके बेटे अमित मोदी के निवासों पर हुई है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने पनीर फैक्ट्री, पारस विहार कॉलोनी और क्रिसेंट कॉलोनी में छापेमारी की। यह वहीं फैक्ट्री है, जहां से देश और विदेशों में डेयरी उत्पादों की आपूर्ति की जाती है। ईडी की टीम ने सुबह से ही मुरैना में फैक्ट्री संचालक के निवास और भोपाल स्थित कार्यालय पर भी दबिश दी। इसके पहले भी करीब छह महीने पहले इसी फैक्ट्री पर अलग-अलग ठिकानों पर छापा मारा गया था। लेकिन इस बार कार्रवाई को और भी बड़ी और गंभीर माना जा रहा है। ईडी अधिकारी दस्तावेजों की गहन जांच कर रहे हैं। बताया गया कि जब ईडी की टीम किशन मोदी के घर पहुंची, तब घर बाहर से बंद मिला। जिसके बाद अधिकारियों ने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दस्तावेजों की जांच शुरू की। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि ईडी की यह रेड किस वजह से हुई है।

## बांग्लादेश की मौजूदा सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी अवामी लीग

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश में अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने के छह महीने बाद देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी ने आंदोलन का ऐलान कर दिया है। अवामी लीग ने मौजूदा सरकार को अवैध और असंवैधानिक बताते देते हुए मोहम्मद यूनुस के इस्तीफे की मांग की और अगले महीने से जन आंदोलन की घोषणा की है। अवामी लीग ने बयान में कहा कि यूनुस के गैर-निर्वाचित शासन के छह महीनों में ही बांग्लादेश पूरी तरह अराजकता में डूब गया है। यह देश अब विफलता की कगार पर खड़ा है, जहां मानवाधिकारों, समानता और सार्वजनिक सुरक्षा का कोई सम्मान नहीं हो रहा है। पार्टी ने अपने जमीनी कार्यकर्ताओं से यूनुस सरकार के धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों पर हमलों और धार्मिक भेदभाव को सरकार की ओर से दिए जा रहे संरक्षण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। बयान में कहा गया है कि जरूरी चीजों की आसमान छूती कीमतें, कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और सार्वजनिक सुरक्षा जैसे मुद्दों को अवामी लीग अपने आंदोलन के जरिए से उजागर करेगी। इसके साथ ही पार्टी ने राजनीतिक संबद्धता के आधार पर नागरिकों की हत्या और हमलों और न्यायपालिका और कानून प्रवर्तन के राजनीतिकरण की निंदा की है।

### रेलवे स्टेशन पर लावारिस मिली बच्ची

मुंबई। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में रेलवे स्टेशन पर एक नाबालिग लड़की लावारिस हाल में मिली। लड़की के बारे में पुलिस को सूचना मिली, इस पर मौके पर पहुंची और लावारिस लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस की जांच में लड़की के साथ रेप की जानकारी सामने आई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। यह मामला नवी मुंबई टाउनशिप में एक रेलवे स्टेशन का है। यहां 12 साल की बच्ची लावारिस हालत में मिली। जांच में सामने आया है कि बच्ची के साथ रेप किया गया है। पुलिस का कहना है कि वाशी सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने मामला दर्ज किया है।

## दुनिया का सबसे बड़ा डैम अधर में, चीन ने खींचे कदम

एजेंसी



बीजिंग। चीन की सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी थ्री गॉर्जेस कॉर्पोरेशन ने डैमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआर कांगो) में ग्रैंड इंगा डैम निर्माण परियोजना से खुद को अलग कर लिया है। बता दें कि ग्रैंड इंगा डैम का निर्माण कांगो नदी पर प्रस्तावित है और इसे विश्व के सबसे बड़े जलविद्युत संयंत्र के रूप में विकसित किया जा रहा था। इस परियोजना से अनुमानित 40,000 मेगावॉट बिजली उत्पादन की क्षमता की उम्मीद थी, जो कि पूरे अफ्रीका को ऊर्जा आपूर्ति कर सकती है। हालांकि, पिछले कुछ दशकों में इस परियोजना में लगातार देरी हो रही है और निर्माण कार्य कभी शुरू नहीं हुआ। यह परियोजना दुनिया का सबसे बड़ा जलविद्युत संयंत्र बनने का दावा करती है, जो अफ्रीका की ऊर्जा संकट को हल करने में मदद कर सकती है। चीन का यह कदम परियोजना की प्रगति को एक बड़ा झटका दे सकता है। थ्री गॉर्जेस कॉर्पोरेशन ने अपनी भागीदारी से पीछे हटने का फैसला किया। हालांकि इस फैसले के पीछे के कारणों को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। विशेषज्ञों का मानना है कि परियोजना की लागत, सरकारी शासकीय अस्थिरता और पर्यावरण को लेकर हो रही चिंताएं इस निर्णय के मुख्य कारण हो सकते हैं। साथ ही चीन की अन्य परियोजनाओं और निवेशों के लिए प्राथमिकता बदलने का भी प्रभाव हो सकता है। चीनी कंपनी का इस परियोजना से बाहर निकलना एक बड़े संकेत के रूप में देखा जा रहा है कि परियोजना का भविष्य अब और भी अनिश्चित हो सकता है। कांगो सरकार और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के बीच यह परियोजना एक प्रमुख विवाद का कारण बन सकती है, खासकर जब परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 80 बिलियन डॉलर है।

## अमेरिका दुश्मनों से बचने बनाएगा आयरन डोम

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब अमेरिका को दुश्मनों से बचाने के लिए आयरन डोम बनवाने की तैयारी कर रहे हैं। खास बात यह है कि इजराइल का यह एयर डिफेंस सिस्टम पिछले कुछ सालों से विवाद का केंद्र रहा है और इस सिस्टम की क्षमता पर सवाल भी उठे हैं। ट्रंप ने कहा है कि वे जल्द ही अमेरिका के लिए आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम तैयार करवाएंगे। ट्रंप ने यह भी कहा है कि इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए, वह जल्द ही एक आदेश पर हस्ताक्षर भी करेंगे। ट्रंप के मुताबिक यह आयरन डोम इजराइल की तर्ज पर तैयार होगा जिसकी मदद से इजराइल ने अब तक हजारों रॉकेटों और मिसाइलों को अपनी सीमा में घुसने से पहले ही नष्ट कर दिया है। ट्रंप ने मियामी में रिपब्लिकन कांग्रेस के एक समारोह में कहा कि हमें अत्याधुनिक आयरन डोम मिसाइल डिफेंस शील्ड का निर्माण तुरंत शुरू करने की जरूरत है। यह अमेरिकियों को खतरों से बचाने में सक्षम होगी। ट्रंप ने कहा कि यह प्रणाली अमेरिका में ही बनाई जाएगी। ट्रंप ने कहा कि वह चार आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे। इनमें से एक आदेश के जरिए वह अमेरिकी सेना में ट्रांसजेंडर्स की भर्ती पर रोक लगाने की तैयारी में हैं। गौरतलब है कि अपने चुनावी अभियान के दौरान ट्रंप ने कई बार अमेरिका के लिए आयरन डोम सिस्टम बनाने का वादा किया था। हालांकि उनके इस कदम को लेकर एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है। ट्रंप इस तथ्य को नजरअंदाज कर रहे हैं कि यह सिस्टम सिर्फ कम दूरी के मिसाइलों के लिए डिजाइन की गई है।

### इटली पीएम के खिलाफ हो रही जांच

रोम। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के खिलाफ जांच शुरू की हो गई है। मेलोनी पर आरोप है कि उन्होंने लीबिया के एक पुलिस अधिकारी को रिहा किया है, जिसे आईसीसी के अरेस्ट वारंट के बाद गिरफ्तार किया गया था। मेलोनी पर इस्तीफा देने का दबाव नहीं है। बता दें इटली में जांच का सामना करना दोषी होने का प्रमाण नहीं है और यह भी नहीं कि कोई औपचारिक चार्ज इसके पीछे लगेगा। दावा किया जा रहा है कि ओसामा अलमासरी नजीम नाम के लीबियाई पुलिस अधिकारी को रिहा किया गया है, जिस पर मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप है। इस मामले में इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) ने उसके खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था।

## समान नागरिक संहिता मुसलमानों को किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं: मौलाना महमूद मदनी

एजेंसी



नई दिल्ली। जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने उत्तराखंड में लागू की गई समान नागरिक संहिता को संविधान में मौजूद धार्मिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बताते हुए कहा कि यह मुसलमानों को किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। मौलाना मदनी ने कहा कि संबंधित पक्षों, विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों की आपत्तियों को नजरअंदाज कर इस कानून का क्रियान्वयन न्याय विरोधी है। भारत के विधि आयोग द्वारा मंगाए गए, जनता के सुझावों से यह तथ्य सामने आ गया था कि देश के अधिकांश लोग इस तरह के कोड को स्वीकार नहीं करते। इसलिए, विधि आयोग ने सरकार को सलाह दी थी कि समान नागरिक संहिता न तो वांछनीय थी और न ही इसकी कोई आवश्यकता है। इसके बावजूद सार्वजनिक सुझावों और विधि आयोग की सिफारिशों की उपेक्षा करते हुए सरकार ने एक तानाशाह की तरह इस कानून को जनता पर थोपकर लोकतंत्र की हत्या की है। मौलाना मदनी ने कहा कि हमने सरकारों के सामने इस सच्चाई को बार-बार पुरजोर ढंग से प्रस्तुत किया है देश और संविधान के निर्माताओं ने पर्सनल लॉ की रक्षा करने का वादा किया था। अगर सरकार इस वादे से मुकरती है तो हम इसके विरुद्ध कानून और संविधान के दायरे में रह कर संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा देश अनेकता में एकता का एक महान उदाहरण है। इसको नजरअंदाज कर जो भी कानून बनाया जाएगा, उसका सीधा असर देश की एकता और अखंडता पर पड़ेगा। यह अपने आप में समान नागरिक संहिता के विरोध का सबसे बड़ा कारण है। मौलाना मदनी ने कहा कि हम इस बात पर दृढ़ हैं कि मुसलमान इस्लामी शरिया पर पूरी तरह डटे रहेंगे और इस रास्ते में आने वाले किसी भी कानून की परवाह नहीं करेंगे।

# सुनीता विलियम्स को वापस लेने के लिए ट्रंप ने मस्क से मांगी मदद

एजेंसी








वॉशिंगटन। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स पिछले 8 महीनों से अंतरिक्ष में फंसी है। उन्हें लाने की कोशिशें बार बार नाकाम साबित हो रही हैं। वहीं, अब अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अरबपति कारोबारी एलन मस्क से मदद मांगी है। अंतरिक्ष एजेंसी स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने कहा कि ट्रंप ने अंतरिक्ष में फंसी विलियम्स और बुच विल्मोर की वापसी की सुविधा देने के लिए कहा है। दोनों वैज्ञानिक पिछले साल जून से अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं। इसके अलावा, मस्क ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि, ये काफी भयानक था, कि बाइडन ने दोनों को इतने लंबे समय तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर फंसा छोड़ दिया, जबकि नासा ने अपने क्रू-9 मिशन के तहत दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने के लिए स्पेसएक्स को महीनों पहले ही शामिल कर लिया था। मस्क ने पोस्ट में कहा, स्पेस स्टेशन पर फंसे 2 अंतरिक्ष यात्रियों को जल्द से जल्द घर लाने के लिए कहा है। हम ऐसा करने वाले है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, कि स्पेसएक्स जल्द ही दोनों अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने के लिए, एक मिशन शुरू करेगा, जो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर महीनों से फंसे हुए हैं। ट्रंप ने कहा कि एलन जल्द ही कोशिश शुरू करने वाले हैं, और उम्मीद है, कि सभी सुरक्षित है। शुभकामनाएं एलन!!! हालांकि, फिलहाल उन्होंने इस बात की जानकारी नहीं दी है, कि ये मिशन कब शुरू होगा। दूसरी तरफ, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने लगातार कहा है, कि अंतरिक्ष यात्री फंसे नहीं हैं और वे स्वस्थ हैं और दोनों अच्छे मूड में हैं। बता दें, कि सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर पिछले साल 5 जून को बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गये थे, लेकिन बोइंग स्पेसक्राफ्ट में टेक्निकल दिक्कतें आ गईं और दोनों अंतरिक्षयात्री वहीं फंस गये। सुनीता विलियम्स को सिर्फ 10 दिनों तक ही स्पेस स्टेशन में रहना था, लेकिन पिछले 8 महीनों से वो वहीं फंसी हुई हैं। वहीं, पिछले 8 महीनों में सुनीता का बुरा हाल हो चुका है और उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा है, कि वे काफी बेसब्री से धरती पर लौटने का इंतजार कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने कहा, कि वे अब चलना तक भूल गई हैं। उन्होंने कहा, कि वे याद कर रही हैं, कैसे चलती थीं। उन्होंने कहा, मैं स्पेस स्टेशन में काफी समय से हूं और मैं यह याद करने की कोशिश कर रही हूं, कि चलना कैसा होता है। मैं नहीं चली हूं। मैं नहीं बैठी हूं। मैं नहीं लेटी हूं। आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है। आप बस अपनी आंखें बंद कर सकते हैं और जहां आप हैं, वहीं तैर सकते हैं।

## टीमोथी ऑस्कर पुरस्कारों में बेस्ट एक्टर श्रेणी में नामांकित

एजेंसी



मुंबई। फिल्म ए कंप्लीट अनौन में शानदार अभिनय के लिए हॉलीवुड अभिनेता टिमोथी शालमेट को ऑस्कर पुरस्कारों में बेस्ट एक्टर श्रेणी के लिए नामांकित किया गया है। उन्होंने जेम्स डीन के बाद सबसे युवा मल्टीपल बेस्ट एक्टर नॉमिनी बनने का गौरव हासिल कर लिया है। जेम्स डीन को 1955 की फिल्म ईस्ट ऑफ इडेन और 1956 की ज्वाइंट के लिए मरणोपरांत नामांकित किया गया था। डीन की 24 वर्ष की आयु में एक कार दुर्घटना में असामयिक मृत्यु हो गई थी, लेकिन उनकी विरासत आज भी जीवित है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर टीमोथी चालमेट के प्रशंसक और उनके करीबी बेहद उत्साहित हैं। उनकी गर्लफ्रेंड, केली जैनर, ने इस खबर पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि जब लाइव टीवी पर टीमोथी का नाम आया, तो वह खुशी से चिल्ला उठीं। उन्होंने कहा कि उन्हें पहले से ही विश्वास था कि टीमोथी को यह नामांकन मिलेगा, लेकिन इसे होते देखना एक गर्व का क्षण था।



# 'स्काई फोर्स' ने भरी उड़ान, 100 करोड़ रुपए की ओर बढ़ी फिल्म

**मुंबई।** अक्षय कुमार और वीर पहारिया की एरियल एक्शन ड्रामा स्काई फोर्स बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है और अपने पहले वीकएंड में भी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। 24 जनवरी को रिलीज होने के तीन दिनों के भीतर फिल्म ने 61.75 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर ली है, जो दर्शकों के बीच इसकी बढ़ती लोकप्रियता की ओर इशारा कर रहा है। दो दिन की दमदार कमाई के बाद रविवार को तीसरे दिन भी फिल्म ने मजबूती के साथ कमाई की। तीसरे दिन फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 31.60 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसके साथ ही वैश्विक स्तर पर भी फिल्म का जलवा कायम है। अब निर्माताओं ने फिल्म की कमाई के आधिकारिक आंकड़े जारी किए हैं।

## लाइफ Style




# यामी
## शादी में घुसे बिन बुलाए बाराती

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऋषभ सेठ द्वारा निर्देशित 'धूम धाम' संभवतः एक अरेंज मैरिज के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां गौतम और गांधी द्वारा अभिनीत दूल्हे और दुल्हन का दो गुंडों द्वारा पीछा किए जाने के बाद चीजें बिगड़ने लगती हैं। फिल्म के आधिकारिक सारांश में लिखा गया है, 'धूम धाम नवविवाहित कोयल और वीर की कहानी है।

इंडस्ट्री के दो सबसे प्रतिभाशाली कलाकार यामी गौतम और प्रतीक गांधी नेटफ्लिक्स की 'धूम धाम' के लिए साथ आए हैं। कुछ दिनों पहले निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी किया था, जिसके बाद से दर्शक इसके ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे। वहीं, आज आखिरकार निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें प्रतीक और यामी की मस्त जुगलबंदी देखने को मिली। आज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने फिल्म का ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। धूम धाम एक रोमांटिक कॉमेडी है। ट्रेलर की शुरुआत एक शादीशुदा जोड़े से होती है, जो अपनी सुहाग रात के लिए एक कमरे में हैं, लेकिन एक आदमी आता है और उनसे चार्ली के बारे में पूछना शुरू कर देता है। जल्द ही कपल भागने लगता है और वे दोनों अपनी जान बचाने की कोशिश कर रहे हैं। रात के दौरान उनके साथ बहुत सी चीजें होती हैं और वे एक-दूसरे के बारे में बहुत कुछ जान भी लेते हैं। ऋषभ सेठ द्वारा निर्देशित 'धूम धाम' संभवतः एक अरेंज मैरिज के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां गौतम और गांधी द्वारा अभिनीत दूल्हे और दुल्हन का दो गुंडों द्वारा पीछा किए जाने के बाद चीजें बिगड़ने लगती हैं। फिल्म के आधिकारिक सारांश में लिखा गया है, 'धूम धाम नवविवाहित कोयल और वीर की कहानी है।

## हॉलीवुड मसाला



# 'द रॉक...' का वीडियो वायरल...

**लॉस एंजिलिस।** डब्लूडब्लूई चैंपियन और हॉलीवुड के दमदार एक्टर द रॉक इन दिनों द बार्बी बने नजर आ रहे हैं। जी हां, ऐसा हम यूं ही नहीं कह रहे बल्कि इंस्टाग्राम पर डब्लूडब्लूई के दिग्गज द रॉक यानी कि ड्वेन जॉनसन का एक वीडियो वायरल हो रहा हैं। जिसमें वह अखाड़े में कुश्ती लड़ते नजर नहीं आ रहे बल्कि घर में बैठे अपनी बेटियों से मेकअप करवा रहे हैं और उनकी बेटियों ने उन्हें पिंक प्रिंसेस बना दिया। ड्वेन जॉनसन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया हैं।



# कोल्डप्ले में जीता भारतीयों का दिल

**लॉस एंजिलिस।** कोल्डप्ले के फ्रंटमैन क्रिस मार्टिन ने रविवार को अपने अहमदाबाद कॉन्सर्ट के दौरान भारतीयों का दिल जीत लिया। उन्होंने अपने प्रदर्शन के दौरान 'वंदे मातरम' और 'मां तुझे सलाम' गाकर 76वें गणतंत्र दिवस के पर शुभकामनाएं दी। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया, जिसके बाद तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा कॉन्सर्ट गूंज उठा। क्रिस मार्टिन ने कॉन्सर्ट का समापन भारत माता को सलाम के साथ किया और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने कॉन्सर्ट के दौरान एक और खास पल में क्रिस ने भारतीय क्रिकेटर जसप्रीत बुमराह को एक खूबसूरत गाना डेडिकेट किया। मार्टिन ने मजाकिया अंदाज में स्वीकार किया कि उन्हें यह पसंद नहीं आया कि जसप्रीत बुमराह अपनी तेज गेंदबाजी से इंग्लिश बैटिंग लाइनअप को खत्म कर दें।



# 'रामायण' में हुई अभिनेत्री साई की एंट्री...

**मुंबई।** फिल्म रामायण को लेकर लगातार कोई ना कोई जानकारी सामने आ रही है। अब फिल्म में रावण की मां कैकसी के किरदार से पर्दा उठ गया है। कैकसी के रोल में साउथ अभिनेत्री नजर आएंगी। फिल्म रामायण में रणबीर कपूर प्रभु राम और साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी। अब इस फिल्म में कैकसी के किरदार को लेकर जानकारी आई है। रामायण में कैकसी का किरदार साउथ की दिग्गज अभिनेत्री निभाएंगी। आइए जानते हैं रामायण में कौन निभाएगा कैकसी का किरदार। पद्म भूषण पुरस्कार विजेता साउथ अभिनेत्री शोभना को कथित तौर पर रावण की मां कैकसी के रूप में चुना गया है। कल्कि 2898 एडी में अपनी शक्तिशाली स्क्रीन उपस्थिति के लिए जानी जाने वाली, शोभना के लुक को इस भूमिका के लिए चुना गया है।



# सिद्धार्थ ही संभालेंगे किंग की कमान

**मुंबई।** शाहरुख खान की आगामी फिल्म 'किंग' का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद करेंगे। दो साल बाद दोनों एक साथ फिर काम करते नजर आएंगे। इससे पहले शाहरुख खान और सिद्धार्थ ने साल 2023 की फिल्म 'पठान' में साथ काम किया था। इससे पहले कहा जा रहा था कि सुजॉय घोष फिल्म का निर्देशन कर सकते हैं। रविवार को दुबई में ग्लोबल विलेज इवेंट में अभिनेता शाहरुख खान ने खुद खुलासा किया कि सिद्धार्थ आनंद उनकी आगामी फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। एक्स पर अभिनेता के एक फैन क्लब द्वारा वीडियो शेयर किया गया, जिसमें अभिनेता कहा कि वह 'किंग' पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अभी मुंबई में इसकी शूटिंग कर रहा हूं, जब मैं वापस जाऊंगा... मेरे निर्देशक सिद्धार्थ आनंद बहुत प्यारे हैं। उन्होंने 'पठान' बनाई।

## टीवी मसाला

# सुम्बुल तौकीर का स्टार प्लस पर दमदार कमबैक

**मुंबई।** जादू तेरी नजर के साथ, स्टार प्लस अपनी कहानी कहने की कला को एक नए लेवल पर पहुंचा दिया है। यह शो सस्पेंस, मिस्ट्री और काली शक्तियों वाले अलौकिक ताकतों का ऐसा मेल पेश करता है, जो दर्शकों को रोमांचित कर देता है। इस मच अवेटेड शो ने अपने पहले एपिसोड से ही मिस्ट्री से बाहर माहौल तैयार कर दिया है, जहां शाम 7:59 के वक्त के आसपास का खतरनाक रहस्य सामने आता है। इस एपिसोड ने दर्शकों को एक ऐसे अंधेरे, सस्पेंस और मस्टरी से भरी दुनिया में डुबो दिया है, जो हर पल को रोमांचक बना दिया है। शो के पहले ही एपिसोड में दर्शकों को श्रेनु पारिख के खतरनाक दायन वाले किरदार से मिलवाया गया, जिसकी बुरी ताकतें और अपने नवजात बेटे का इस्तेमाल अंधेरे इरादों के लिए करने की साजिश ने पूरे शो का रहस्यमय और तनावपूर्ण माहौल तैयार कर दिया. कहानी को और दिलचस्प बनाते हुए, पहले एपिसोड में एक लड़की के जन्म की झलक भी दिखाई गई, जिसने आने वाले समय में एक बड़े टकराव का इशारा कर दिया. ये शुरुआत ही दर्शकों को कहानी में डूबने पर मजबूर कर देती है।



## हनुमंत लमानी बने नए सीजन के विजेता

**मुंबई।** बिग बॉस कन्नड़ सीजन 11 का ग्रैंड फिनाले बेहद रोमांचक और मनोरंजन से भरा हुआ था। हनुमंत लमानी ने विजेता के तौर पर ट्रॉफी अपने नाम कर फिनाले में इतिहास रच दिया। हनुमंत लमानी की जीत ने बिग बॉस कन्नड़ के इतिहास में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। वह बिग बॉस कन्नड़ के सभी सीजन को मिलाकर पहले वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट हैं, जिन्होंने इस शो को जीता है। उन्होंने 50 लाख रुपये का पुरस्कार जीता। उनका सफर शुरू से ही चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उनकी मेहनत, विनम्रता और टैलेंट ने उन्हें दर्शकों के बीच एक खास पहचान दिलाई। हनुमंत ने न केवल अपने साथियों से बल्कि लाखों दर्शकों से भी प्यार और सम्मान पाया। हनुमंत लमानी की बिग बॉस में यात्रा बेहद प्रेरणादायक रही। वाइल्ड कार्ड एंट्री से शुरुआत होने के बाद उन्होंने अपने दिल छूने वाले गाने, शानदार पर्सनैलिटी और कड़ी मेहनत से दर्शकों का दिल जीत लिया। शो के अन्य मजबूत प्रतियोगियों जैसे त्रिविक्रम और राजत से कड़ी टक्कर देने के बावजूद हनुमंत ने अपनी कड़ी मेहनत और दर्शकों के समर्थन से आखिरकार जीत हासिल की।



# 'टीना-टप्पर' की कहानी से प्रभावित हो रहे दर्शक, सिनेमाघर हाउसफुल

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ी कॉमेडी से भरपूर संदेशप्रद पारिवारिक फिल्म टीना-टप्पर शुक्रवार को प्रदेशभर के 67 सिनेमाघरों में एक साथ प्रदर्शित की गई है। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा प्रतिशत मिल रहा है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में फिल्म हाउसफुल रही। कक्षा दसवीं के टॉपर के एक मामूली होटल में काम करने और संपन्न परिवार की टीना से उसकी प्रेम कहानी के साथ ही फिल्म में अमलेश नागेश की कॉमेडी का देशी तड़का दर्शकों को प्रभावित कर रहा है।

*मनोरंजन से भरपूर :* फिल्म देखकर निकले दर्शकों ने इस फिल्म की कहानी की सराहना की। दर्शकों ने कहा कि यह फिल्म मनोरंजन से भरपूर है। वहीं इस फिल्म से सीख मिलती है कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। फिल्म की कहानी में नायक दसवीं के टॉपर होने के बाद भी होटल में काम करता है। इस फिल्म की कहानी में कई संदेश है।



*नागपुर में भी फिल्म की धूम:* फिल्म टीना-टप्पर छत्तीसगढ़ के 67 सिनेमाघरों के अलावा नागपुर के जयश्री टॉकिज में भी प्रदर्शित की गई है। नागपुर में भी इस फिल्म को दर्शकों की सराहना मिल रही है।

*आसपास क्षेत्र से पहुंच रहे दर्शक :* फिल्म टीना-टप्पर की कहानी और इसके फिल्मांकन को लेकर दर्शकों के बीच फिल्म की चर्चा होने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से भी सैकड़ों दर्शक फिल्म टीना-टप्पर देखने पहुंच रहे हैं।

*कई बड़े सेंटरों में भी हाउसफुल :* छत्तीसगढ़ प्रदेश के कई बड़े सेंटर रायपुर, दुर्ग, भिलाई, कोरबा, जांजगीर-चांपा, कवर्धा, धमतरी, जगदलपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर जैसे क्षेत्र में भी फिल्म थियेटर में हाउसफुल चल रही है।

# टीवी से करियर की शुरुआत कर बॉलीवुड में छा गए

***मुंबई।** जल्द ही फिल्म 'देवा' में शाहिद कपूर के साथ एक्टर प्रवेश राणा भी नजर आएंगे। इस एक्टर के एक्टिंग करियर की शुरुआत की बात की जाए तो 'बिग बॉस' और 'इमोशनल अत्याचार' जैसे रियालिटी शो में ये नजर आए। इसके बाद ही फिल्मों का रूख किया। ऐसे ही कई नामी स्टार भी हैं, जिन्होंने टीवी सीरियल्स के जरिए ही अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। जानिए, ऐसे ही कुछ कलाकारों के बारे में।*

*शाहरुख खान :* बॉलीवुड के बादशाह बन चुके शाहरुख खान ने थिएटर के बाद टीवी सीरियल्स में कदम रखा। शाहरुख खान 'सर्कस' और 'फौजी' जैसे हिट टीवी सीरियल्स का हिस्सा बने। इन सीरियल्स की वजह से वह लाइमलाइट में आए और बाद में उन्हें फिल्मों में काम करने का मौका मिला।

*आर माधवन :* आर माधवन ने भी अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत टीवी सीरियल्स के जरिए ही की थी। वह 'यूले लव स्टोरी' और 'बनेगी अपनी बात' जैसे सीरियल्स में शुरुआत में नजर आए। इसके अलावा भी उन्होंने अलग-अलग जॉनर के टीवी सीरियल्स किए। फिर वह फिल्मों में छोटे किरदारों में दिखे लेकिन 'रहना है तेरे दिल में' ने उन्हें बॉलीवुड में एक चर्चित नाम बना दिया।



*विद्या बालन':* डर्टी पिक्चर' और 'कहानी' जैसी फिल्मों में अपनी उम्दा अदाकारी दिखाने वाली विद्या बालन ने टीवी पर कॉमेडी सीरियल 'हम पांच' से शुरुआत की थी। वह इसमें एक सिंपल लड़की के रोल में नजर आईं। फिर बंगाली फिल्मों की तरफ रूख किया और बाद में बॉलीवुड में कदम रखा।

*इरफान खान :* इरफान खान हमारे बीच अब नहीं है लेकिन उन्होंने टीवी और फिल्म दोनों ही जगह उम्दा काम किया। इरफान ने भी टीवी से अपने करियर की शुरुआत की, वह 'श्रीकांत', 'भारत एक खोज' और 'चंद्रकांता' जैसे कई और टीवी सीरियल्स में दिखे। बाद में बॉलीवुड में आए और बड़े पर्दे पर छा गए।

## 'द स्टोरीटेलर' डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आज होगी रिलीज

# इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाएंगी फिल्में और वेब सीरीज



***मुंबई।** जनवरी के आने वाले दिन मनोरंजन से भरपूर होंगे, क्योंकि कुछ बहुप्रतीक्षित शो और फिल्में रिलीज होने वाली हैं। द स्टोरीटेलर से लेकर आइडेंटिटी तक, सब कुछ अब आप घर बैठे देख सकते हैं तो अपनी बिंज लिस्ट बनाने के लिए तैयार हो जाइए। नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो, डिज्नी प्लस हॉटस्टार, जी5 और अन्य स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर इस हफ्ते रिलीज वाली फिल्मों और वेब सीरीज का नाम नोट कर लीजिए।*

**द स्टोरीटेलर:** 'द स्टोरीटेलर' फिल्म सत्यजीत रे की बंगाली लघु कथा गोलपो बोलिये तारिणी खुरो पर आधारित है। यह एक धनी व्यवसायी के जीवन पर आधारित है, जो अपनी अनिद्रा से निपटने के लिए एक कहानीकार को काम पर रखता है, जो अधिक दिलचस्प साबित होता है। फिल्म में परेश रावल, आदिल हुसैन, तनिष्ठा चटर्जी, नसीरुद्दीन शाह और रेवती मेनन मुख्य भूमिकाओं में हैं। द स्टोरीटेलर 28 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

**आइडेंटिटी :** मलयालम फिल्म 'पहचान' में एक स्केच आर्टिस्ट और एक पुलिस अधिकारी को दिखाया गया है, जो एक मायावी हत्यारे की पहचान उजागर करने के लिए मिलकर काम करते हैं। फिर वे उसके चेहरे के विवरण का उपयोग करते हैं, जो क्रूर अपराध के एक चश्मदीद की यादों में अंकित हो जाता है। फिल्म में टोविनो थॉमस, तृषा कृष्णन, विनय राय, अर्चना कवि, मंदिरा बेदी और संजय दत्त प्रमुख भूमिकाओं में हैं। आइडेंटिटी 31 जनवरी को जी5 पर रिलीज होगी।



**योर फ्रेंडली नेबरहुड स्पाइडर-मैन :** एक नई एनिमेटेड सीरीज 'योर फ्रेंडली नेबरहुड स्पाइडर-मैन' एक युवा पीटर पार्कर को दिखती है, जो कॉमिक बुक-स्टाइल फ्लेयर के साथ हीरो बनने की उसकी यात्रा को दिखती है। यह सीरीज 29 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आने के लिए तैयार है।



**द सीक्रेट ऑफ द शिलेदार्स :** 'द सीक्रेट ऑफ द शिलेदार्स' सीरीज एक गुप्त समाज को दर्शाती है, जो छत्रपति शिवाजी महाराज से संबंधित एक छिपे हुए खजाने को उजागर करती है। इस शो में साई ताम्हणकर, राजीव खंडेलवाल और आशीष विद्यार्थी मुख्य भूमिकाओं में हैं। द सीक्रेट ऑफ द शिलेदार्स 31 जनवरी को रिलीज होगी।



**पुष्पा- 2 :** पुष्पा के प्रशंसक आखिरकार नेटफ्लिक्स पर बहुप्रतीक्षित पुष्पा 2 देख सकते हैं, क्योंकि एक्शन से भरपूर यह फिल्म सिनेमाघरों में अपने प्रदर्शन के बाद डिजिटल डेब्यू कर रही है। फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म 30 जनवरी, 2025 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# मतदान का प्रतिशत बढ़ाने पर डीएम सम्मानित

## उप्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रशस्ति-पत्र व मोमेंटो दिया



**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार पी0एम0 सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की बैठक आहूत की गई, जिसमें अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, जिलास्तरीय अधिकारीगण एवं फोनरवा/नोफा/आर0डब्ल्यू0ए0 के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) / उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार द्वारा कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ से प्राप्त प्रशस्ति पत्र/मोमेन्टो जिला निर्वाचन अधिकारी को भेंट की गयी। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पन्द्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 के अवसर पर एनुअल स्टेट अवार्ड फॉर बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेस अवार्ड-2024 में सामान्य श्रेणी हेतु अभिनव प्रयोग में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी को मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रशस्ति पत्र/ मोमेन्टों से सम्मानित से सम्मानित किया गया है।

उन्होंने बताया कि अर्हता 1 जनवरी 2024 के आधार पर सम्पन्न हुए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की पूर्व गतिविधियों के अन्तर्गत मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मतदेय स्थलों के किये गये सम्भाजन में बहुमंजिलीय भवनों (हाईराइज बिल्डिंग्स) में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने के उद्देश्य से निम्न विवरण के अनुसार मतदेय स्थल बनाये गये।

उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 61-नोएडा में बहुमंजिलीय भवनों (हाईराइज बिल्डिंग्स) में बनाये गये मतदेय स्थलों की संख्या 54, लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में विधान सभावार औसत मतदान प्रतिशत 46.98त्न, लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में बहुमंजिलीय भवनों (हाईराइज बिल्डिंग्स) में बनाये गये मतदेय स्थलों में औसत मतदान प्रतिशत 63.46 प्रतिशत था। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 62 दादरी में बहुमंजिलीय भवनों (हाईराइज बिल्डिंग्स) में बनाये गये मतदेय स्थलों की संख्या 55, लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में विधान सभावार औसत मतदान प्रतिशत 52.89 प्रतिशत, लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में बहुमंजिलीय भवनों (हाईराइज बिल्डिंग्स) में बनाये गये मतदेय स्थलों में औसत मतदान प्रतिशत 65.69त्न रहा।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदेय स्थलों के सम्भाजन के दौरान उपरोक्तानुसार बहुमंजिलीय भवनों (हाईराइज बिल्डिंग्स) में बनाये गये मतदेय स्थलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के कारण मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर को प्रशस्ति पत्र/मोमेन्टो से सम्मानित किया गया है।

# प्राधिकरण के एसीईओ ने 3 कंपनियों पर लगाया 2 .5 लाख का जुर्माना

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ ने शहर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। सीएंडडी वेस्ट मिलने पर तीन कंपनियों पर कुल ढाई लाख का जुर्माना लगाया। साथ ही अवर अभियंता को को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा और उसका वेतन रोकने के निर्देश जारी किए। इस मौके पर जीएम जन स्वास्थ्य एसपी सिंह और वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल मौजूद रहे।

## अवर अभियंता से मांगा स्पष्टीकरण, वेतन रोकने के दिये आदेश

सेक्टर-11 में नेहरू युवा केंद्र के पास खाली भूखंड में काफी मात्रा में सीएंडडी वेस्ट एवं टूटी हुई टाइल मिली। एसीईओ ने गंदगी मिलने पर वेस्ट उठाने वाली एजेंसी पर एक लाख का जुर्माना लगाया। उद्योग मार्ग एवं कोंडली के रास्ते पर सफाई संतोषजनक नहीं मिलने पर लायन सर्विस पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। हौजरी कॉप्लेक्स औद्यागिक सेक्टर में भूखंड संख्या सी-09 के सामने खाली भूखंड में काफी मात्रा में प्राधिकरण के ठेकेदार ने मलबा डाला था। इस मामले में अवर अभियंता से स्पष्टीकरण मांगा गया।

साथ ही उसका वेतन रोकने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। इस सेक्टर की सफाई करने वाली एजेंसी ओयनेक्स मैनेजमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इससे पहले एसीईओ ने उद्योग मार्ग पर सेक्टर-08 नर्सरी एवं कोहली धर्म कांटा के सामने कंस्ट्रक्शन वेस्ट पड़ा पाया। इसे साफ करने के लिए कहा गया।

सेक्टर-67 में पानी की टंकी से आगे ग्रीन बेल्ट में काफी



मात्रा में कूड़े के ढेर मिला। ठेकेदार को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन में सफाई के निर्देश दिए। वहीं एफएनजी सेक्टर-122, 119 के साथ हिंडन पुस्ते के बीच पड़ी खाली भूमि में पड़े कूड़े को हटाने के निर्देश दिये।

# नोएडा में भगवान जगन्नाथ का मंदिर बनकर तैयार, 2 फरवरी को भव्य आयोजन



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में भगवान जगन्नाथ मंदिर बनकर तैयार हो गया है। आगामी 2 फरवरी को मंदिर में भव्य आयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। बुधवार से मंदिर सें पूजा-पाठ का कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया गया है।

जगन्नाथ मंदिर समिति के सदस्य किशन कुमार ने बताया कि मंदिर में आज से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू हो गया है। आज से 2 फरवरी तक यह कार्यक्रम चलेगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हजारों की तादात में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

किशन कुमार ने बताया कि मंदिर समिति की ओर से प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह व अन्य विशिष्ठ अतिथियों को न्यौता दिया गया है। साथ ही दक्षिण भारत के कुछ नेता भी प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हो सकते है।

उन्होंने बताया कि मंदिर में भगवान गणेश, भगवान शिव, भगवान हनुमान, और माता लक्ष्मी व अन्य देवताओं की मूर्तियां लगाई जाएंगी। नोएडा के सेक्टर-121 में बनाए गए जगन्नाथ मंदिर के सेवादार प्रशांत कुमार ने बताया कि आज से मंदिर में रत्न मुर्हूत की पूजा शुरू की गई है कल भव्य रूप में कलश यात्रा निकाली जाएगी।

मंदिर में यह आयोजन 2 फरवरी तक चलेंगे इसके लिए मंदिर समिति ने पूरी तैयारी कर ली है।

# जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल



**नोएडा (चेतना मंच)।** कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे और पन्नी की झुग्गियों में रहने को मजबूर जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए चैलेंजर्स ग्रुप द्वारा 'जन शीत रक्षक' अभियान के अंतर्गत लगातार कंबल वितरण का कार्य किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत नोएडा के सेक्टर 16, 33, 8, 82, 63 सहित विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। अब तक इस अभियान के माध्यम से 1000 से अधिक जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाई जा चुकी है। चैलेंजर्स ग्रुप के संस्थापक प्रिंस शर्मा ने बताया, हमारी टीम द्वारा यह अभियान लगातार जारी है और हमारी पूरी कोशिश है कि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक राहत सामग्री पहुंचाई जाए, ताकि वे इस कड़कड़ाती ठंड में सुरक्षित रह सकें।संस्था का यह मानना है कि समाज के हर वर्ग को मिलकर ऐसे जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से परेशान होकर अपनी जान न गंवाए। इस अभियान में रौशनी, गौरीशंकर, मनीष, आदर्श, विनीत, विजय, मंजीत आदि सदस्य की भूमिका अधिक है।

# साइबर क्राईम को लेकर उद्यमियों को किया जागरूक

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन के सैक्टर-6 नोएडा स्थित एनईए भवन में

इस अवसर पर एन.ई.ए. अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन, वरि उपाध्यक्ष राकेश कोहली, कोषाध्यक्ष शरद



साइबर क्राईम से सम्बन्धित बढ़ रहे अपराधों से बचाने के लिए साइबर क्राइम विभाग नौएडा गौतमबुद्धनगर की ओर से समरपाल ने अपनी टीम के साथ उद्यमियों को जागरूक किया। उन्होनें विभिन्न एप्लीकेशन के माध्यम से मोबाईल द्वारा बढ़ रहे अपराधों से सावधान रहने के उपाय बताए।

चन्द्र जैन, उपाध्यक्ष मोहन सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, आर0एम जिंदल, सचिव राजन खुराना, विरेन्द्र नरूला, सह कोषाध्यक्ष संदीप विरमानी, सुश्री नीरू शर्मा, अंकुर अरोडा, नितिन गुप्ता, एस0एन0 शर्मा, अमित बंसल, रोहित मित्तल, संजीव बांदा, सुनील जैन, प्रवेश ठुकराल सहित कई उद्यमी उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर चोर गिरोह से मुठभेड़, गोली लगने से दो बदमाश घायल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर पुलिस और ट्रैक्टर चोरी करने वाले बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हो गए हैं। उन्हे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से फरार हुए तीन बदमाशों में से एक बदमाश को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। दो फरार बदमाशों की तलाश की जा रही है। बदमाशों के कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर महिंद्रा मय ट्राली एवं घटना में इस्तेमाल की गई कार हुंडई औरा टैक्सी बरामद हुई है।



डीसीपी नोएडा सेंट्रलन ने बताया कि थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा मोजर बीयर गोल चक्कर पर चेकिंग के दौरान लोकल इंटेलिजेंस के माध्यम से सूचना मिली कि थाना सुरजपुर क्षेत्र के देवला से चोरी किया गया ट्रैक्टर महिंद्रा इस समय रेलवे लाइन के किनारे जा रही सड़क के पास जंगल में खड़ा है तथा उक्त ट्रैक्टर को चोरी करने वाले अपराधी भी वहाँ मौजूद है। सूचना पर थाना सूरजपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम रेलवे लाइन के किनारे जंगल में पहुंची तो पुलिस को देखते ही वहां मौजूद बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश आकाश और धनबीर उर्फ गब्बर गोली लगने से घायल हो गये। एक बदमाश पुष्पेंद्र को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी नोएडा सेंट्रल ने बताया की बदमाशों के कब्जे से 3 अवैध तमंचे कारतूस, चोरी का ट्रैक्टर महिंद्रा मय ट्राली एवं घटना में इस्तेमाल की गई कार हुंडई और टैक्सी बरामद हुई है।

# ड्राई स्टेट बिहार ले जा रहा था हरियाणा की शराब



ग्रेटर नोएडा में 20 लाख रूपये की शराब बरामद

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा ईस्टर्न पेरिफेरल के लुहारली कट के पास से तस्करी कर ले जाई जा रही शराब की बड़ी खेप पुलिस और आबकारी विभाग ने जब्त की है। कोतवाली दादरी पुलिस और आबकारी विभाग ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 20 लाख रुपये कीमत की 135 पेटी विदेशी शराब बरामद हुई है।

पुलिस और आबकारी विभाग ने सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए एक ट्रक को रोका जिसमें तस्करी की शराब भरी हुई थी। पुलिस ने शराब तस्कर नीरज श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है। इसको ईस्टर्न पेरिफेरल के लुहारली कट के पास से गिरफ्तार किया गया है। आबकारी विभाग को इनपुट मिला था कि शराब की एक बड़ी खेप गौतमबुद्धनगर से होकर ले जा रहा है। सूचना के आधार पर कोतवाली दादरी पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त रूप से ईस्टर्न पेरिफेरल पर लुहारली कट पर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी।

इसी दौरान एक ट्रक की जांच की गई तो उसमें तस्करी कर ले जाई जा रही 20 पेटी रॉयल ग्रीन 375 एमएम, 30 पेटी रॉयल ग्रीन 180 एमएल, 20 पेटी ऑफीसर्स चॉइस ब्लू 180 एमएल, 10 पेटी इंपीरियल ब्लू 750 एमएल, 10 पेटी इंपीरियल ब्लू 180 एमएल, 10 पेटी मैकडॉवेल एमएल नम्बर.1 750 एमएम, 35 पेटी मैकडॉवेल नंबर 1, 180 एमएल करीब 135 पेटी विदेशी शराब बरामद की गई. बरामद शराब की कीमत 20 लाख रूपये के करीब है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। यह शराब हरियाणा से तस्करी करके ड्राई स्टेट बिहार ले जाई जा रही थी।

